तापमान

अधिकतम 37.4 डिग्री

न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024

# 50 लीटर तेल खपाने वाले होटल, ढाबों को रखना होगा हिसाब, ठेले-खोमचे में भी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रोजाना खाद्य पदार्थ को तलने के लिए पचास लीटर से अधिक खाद्य तेल का उपयोग करने वाले होटल, ढाबों और फूड वेंडिंग जोन वालों को इसका हिसाब रखना होगा। खाद्य तेल के बार-बार उपयोग से सेहत पर होने वाले विपरीत प्रभाव की रोकथाम के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बीते सात दिन में ऐसे संस्थानों से एक हजार लीटर रीयूज्ड ऑयल संग्रहित किया गया है। सीबीडीए के सहयोग से इस तेल से बायो फ्यूल बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। तलने के लिए तेल के बार-बार उपयोग को रोकने के लिए विभाग द्वारा फ्राइग ऑयल मानिटर की मदद से निगरानी की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के आदेश के तहत बड़े तमाम बड़े होटलों, रेस्टोरेंट सहित अन्य फूड जोन को यह बताना होगा कि उन्होंने कहां से एडिबल ऑयल की व्यवस्था की है, कितना इस्तेमाल किया है और कितना डिस्कार्ड और किस एजेंसी को किया है। अधिकारियों का कहना है कि बार-बार तलने से तेल के कई गुण बदल जाते हैं। इससे बनने वाले टोटल पोलर कंपाउंड्स (टीपीसी) से हाई बीपी, अल्जाइमर, यकृत रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। एफएसएसएआई ने ▶▶| शेष पेज 13 पर

## सात दिन में एक हजार लीटर कुकिंग आयल संग्रहित, अभियान जारी

### इसकी हिदायत

- फ्राई करते समय तेल धीमी आंच पर रखें, धुआं निकलते तक गर्म ना करें।
- फ्राई करने के दौरान कढ़ाई में गिरे खाद्य टुकड़ों को छानकर तुरंत अलग करें।
- फ्रायर पेन स्टेनलेस स्टील का ही उपयोग करें।





### बीमारी का खतरा

लगातार उपयोग होने वाले तेल में टीपीसी की मात्रा बढ़ने से गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। इसे लेकर जागरूकता की कोशिश की जा रही है। अधिक तेल का उपयोग करने वालों खाद्य संस्थानों को इसकी जानकारी रखनी होगी।

- कुलदीप शर्मा
नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### 27 रुपए लीटर से खरीदी

रीपरपज यूज्ड कुकिंग ऑयल (रूको) के तहत विभाग एजूकेट एनफोर्समेंट इकोसिस्टम पर कार्य कर रहा है। इसमें खाद्य कारोबारियों को इसके प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना के तहत सीबीडीए के माध्यम से इस तेल को 27 रुपए प्रति लीटर की दर से क्रय किया जा रहा है। साथ ही इस सिस्टम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ठेले खोमचे में कई बार उपयोग

रीयूज्ड ऑयल का उपयोग रोकने के लिए खाद्य विभाग के मैदानी अमलों को ठेले-खोमचे और छोटे होटलों पर नजर रखने की सख्त हिदायत दी गई है। बदलते कल्चर की वजह से ठेले-खोमचे में खानपान का दौर बढ़ा है और बड़े होटल रेस्टोरेंट की तुलना में सड़क किनारे की गुमटियों में समोसा, बड़ा, भजिया सहित अन्य तेलयुक्त खाद्य पदार्थों की खपत दो से तीन गुना अधिक होती है। इन स्थानों में उपयोग किए जाने वाले तेल की गुणवत्ता और खाद्य पदार्थों को तलने के लिए कई दौर में इसका उपयोग किया जाता है। खाद्य निरीक्षकों की टीम को इसके लिए फ्राइग ऑयल मॉनिटर से जांच करने कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### किशोरी से रेप, उम्र कैद



**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से रेप के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक यास्मिन बेगम के मुताबिक किशोरी से रेप के आरोप में कोर्ट ने ईश्वर यादव को कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने किशोरी के पुनर्वास के लिए शासन से आठ लाख रुपए देने की अनुशंसा की है। परिजनों को रेप की जानकारी किशोरी के गर्भवती होने के बाद मिली।

### बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौत




**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर बोर गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक बोर गाड़ी से कुचले जाने से चित्र कुमार की मौत हुई है। चित्र कुमार अपने साला तथा साढ़ू के साथ एक मृतक कार्यक्रम में शामिल होने धनेली जा रहे थे। टेकारी मोड़ के पास टीएन 34 टी 2238 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। बोर गाड़ी की ठोकर लगने से चित्र कुमार बाइक से गिर गया और उसकी बोर गाड़ी के पहिया से कुचलकर मौत हो गई।

### मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में पेशे से एक ड्राइवर ने अपने साथी के खिलाफ मामूली कहासुनी में चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बोरियाखुर्द निवासी सौमिल केशरवानी ने मूलतः धमतरी निवासी दिपांशू के खिलाफ चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिपांशू ने पुलिस को बताया है कि किसी बात को लेकर दिपांशू के साथ बहस होने पर दिपांशू ने उससे समझौता करने के बाद पान ठेला में सिगरेट पीने के बहाने बुलाकर चाकू से गर्दन, पेट तथा सीना पर प्राणगातक हमला कर घायल कर दिया।

## गोठानों की सुध लेना बंद, इसलिए महिला समूहों का पारिश्रमिक भी अटका

# साढ़े तीन करोड़ की 45 हजार क्विंटल वर्मी खाद डंप, करेंगे क्या, तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गोधन न्याय योजना के तहत रायपुर जिले में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गोठानों में तैयार की गई वर्मी कम्पोस्ट खाद में 45 हजार 646 क्विंटल अब तक डंप पड़ी है। इसकी कीमत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए है। सरकार बदलने के बाद गोठानों में डंप खाद को बेचने के लिए राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं हुआ है। इसके कारण खाद को बेचा भी नहीं जा रहा है। गोठानों में डंप ▶▶| शेष पेज 13 पर

### कम्पोस्ट खाद की बिक्री से 24 करोड़ से अधिक की हुई थी आय

गोधन न्याय योजना के तहत रायपुर जिले में 2 रुपए की दर से 1161337 क्विंटल गोबर की खरीदी हुई थी। इस गोबर के बदले 23 करोड़ 22 लाख 67 हजार का भुगतान किया गया है, जबकि खरीदे गए गोबर से गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार की गई थी। इसमें से 271828 क्विंटल खाद को बेचे जाने से 24 करोड़ 51 लाख रुपए की आय हुई थी। यह आय देखी जाए तो गोबर खरीदी व्यय राशि से ज्यादा है।

### क्वालिटी हो रही खराब



### 5.58 पैसे समिति एवं 3.92 पैसे महिला समूह का मेहनताना

निलजा गांव स्थित गोठान समिति के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट खाद का मूल्य 10 रुपए है, जिसमें से 3.92 पैसे खाद बनाने वाली महिला समूह का मेहनताना है, वहीं 50 पैसे सेवा सहकारी समिति तथा शेष 5.58 पैसे गोठान समिति को मिलता है। उन्होंने बताया कि उनके गोठान में भी करीब 85 क्विटंल खाद डंप पड़ी है। दिशा-निर्देश नहीं होने के कारण खाद को न ही बेच पा रहे हैं और न ही इसका भुगतान किया जा रहा है।

### 2020 में शुरू हुई थी योजना

पूर्व सरकार ने जुलाई 2020 में गोधन न्याय योजना की शुरुआत की गई थी। शुरुआती साल में सभी जिलों में प्रशासन स्तर पर कृषि विभाग के माध्यम से किसानों से गोबर की खरीदी की गई थी, जिसे गोठान समितियों को वर्मी व सुपर कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए निःशुल्क ▶▶| शेष पेज 13 पर

### दिशा-निर्देश नहीं मिले

रायपुर जिले में 325 गोठान है। इनमें तैयार किया गया वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का 271828 क्विंटल खाद बिक चुकी है, जिसका भुगतान हो गया है। 45646 क्विंटल खाद गोठान समितियों में डंप है। इसके लिए अभी कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले है।

- **उमाशंकर वर्मा,**
गोठान योजना, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी

## चौबीस घंटे की गतिविधि पर टिकी निगाहें

# जगदलपुर में बारिश से उम्मीद, राजधानी में केवल बादल छाए रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीजापुर से आगे नहीं बढ़े मानसून के लिए जगदलपुर समेत आसपास के इलाकों में हुई बारिश ने उम्मीद जगाई है। अगले चौबीस घंटे इसी तरह की गतिविधि रहती है, तो एक दो दिनों में मानसून को आगे बढ़ाया जा सकता है। आज राजनांदगांव में भी वर्षा हुई, मगर रायपुर में माहौल बादल तक सिमटकर रह गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक प्री-मानसून की गतिविधि में वृद्धि हुई है, मगर वर्षा का प्रभाव ▶▶| शेष पेज 13 पर

### लेटलतीफी का रिकार्ड ना तोड़ दे मानसून

पहली बार सुकमा फिर बीजापुर तक आया दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार लेटलतीफी का रिकार्ड तोड़ सकता है। पांच दिन पहले यह सुकमा तक आया और पिछले बारह दिन में यह बस्तर को कव्हर नहीं कर पाया। रायपुर में यह सामान्य तिथि 16 जून तक पहुंचती है, मगर अभी तीन दिन लेट हो चुका है। स्थिति को देखते हुए इसके अभी रायपुर तक आने की गुंजाइश कम दिखाई दे रही है।

## घटती आक्सीजन का लेवल सुधारने दो नए फौवारे लगायेगा निगम

# नाव से निकाल रहे तेलीबांधा की मरी हुई मछलियां नैनो स्केल फाइट्रो न्यूट्रीयंश का बड़े पैमाने पर छिड़काव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा तालाब में पिछले एक सप्ताह से बड़ी संख्या में मर रही मछलियों को नाव से बाहर निकाला जा रहा है। इसके साथ ही तालाब के पानी में आक्सीजन का लेवल बढ़ाने और पानी में प्रदूषण स्तर कम करने नैनो स्केल फाइट्रो न्यूट्रीयंश का बड़े पैमाने पर छिड़काव शुरू हो गया है। मंगलवार को मामला तूल पकड़ने के बाद नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एक्सपर्ट के साथ तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान विषय विशेषज्ञ से स्पॉट पर चर्चा कर तालाब के पानी में आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने सुझाव लिए।

### तेलीपिया मछली की तादाद ज्यादा, ट्रीटमेंट प्लांट भी बंद

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. एस. सासमल को तेलीबांधा तालाब में मछलियों के बड़ी संख्या में मरने को लेकर उन्हें जायजा लेने तालाब बुलाया गया। उन्हीं के बताये उपाय पर अमल करते हुए बुधवार को नाव के माध्यम से मरी हुई मछलियों को तालाब से बाहर निकाला जा रहा है, ताकि अन्य मछलियों को प्रदूषण से बचाया जा सके। तालाब में दो फाउंटेन लगाने की तैयारी भी इसी के साथ शुरू हो गई है। डॉ. एस. सासमल का कहना है, तेलीबांधा तालाब में तेलीपिया मछलियों की तादाद बहुत ही ज्यादा है। गर्मी के मौसम में पानी का घुलित आक्सीजन की मात्रा कम होने और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने के कारण प्रदूषण की वजह से बड़ी संख्या में मछलियां मर रही हैं। मत्स्य विशेषज्ञ ने निगम प्रशासन को ये भी सुझाव दिया है कि साल में कम से कम दो बार जाली चलाकर बड़ी मछलियों को तालाब से निकालकर बाजार में उचित मूल्य पर विक्रय करें। इससे तालाब का बायोमॉस संतुलित रहेगा और जल्द से जल्द सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू किया जाये, ताकि तालाब के पानी की गुणवत्ता बनी रहे।

*मत्स्य विभाग के विशेषज्ञ ने दिया सुझाव, साल में दो बार जाली चलाकर बड़ी मछली निकालें*


# पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

........................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम........................................
2. पिता/पति का नाम........................................
3. जन्म तिथि अंकों में........................................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित........................................
1. मो.....................2. मो.....................व्हाट्सएप नंबर.....................
6. शैक्षणिक योग्यता........................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**


## सरसीवां का वांटेड करोड़पति ठग शिवा रायपुर से गिरफ्तार



**रायपुर।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरसींवा थाना क्षेत्र के वांटेड ठग को तेलीबांधा पुलिस ने मैग्नेटो मॉल से गिरफ्तार कर सरसींवा पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने ठग को मंगलवार देर शाम गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्त में आए ठग के खिलाफ 13 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक ठगी के आरोप ▶▶| शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें**

**9827555678, 8224868411**



Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd

TODAY OFFER

50% Discount on One Way Taxi



| Raipur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Bilaspur | 1999 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd

Scan And Book 9926411411

*T&C Apply

RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

# कथित 3 पशु तस्करों की मौत पर कठोर कार्रवाई की मांग, कांग्रेस ने दी चेतावनी

## पूर्व विधायक विकास के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

पूर्व विधायक विकास उपाध्यय के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल आरंग थाना पहुंच कर गत दिनों आरंग में पशु तस्करी के मामले में 03 युवकों की मौत के बाद मौत के जिम्मेदार आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। विकास उपाध्याय ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 03 दिनों के अंदर समुचित कार्यवाही नही होने पर थाने के सामने आंदोलन किया जायेगा।

माना सीएसपी लंबोदर पटेल में बताया कि उक्त मामले में अपराध कायम कर जांच की जा रही रही। प्रकरण के जाँच के लिए गठित एसआईटी की टीम सूक्ष्मता से जाँच कर रही है और शीघ्र ही आरोपियों पर कार्यवाही करेगी। इस अवसर पर एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा तहसीलदार सीता शुक्ला, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम सहित कांग्रेस के निर्वाचित जन प्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। आपको बता दे कि 07 जून को आधी रात को आरंग थाना क्षेत्र में 3 युवक एक ट्रक में जानवर भरकर ले जा रहे थे। एक पुलिस अफसर के मुताबिक रास्ते में 10-12 युवकों ने उनका पीछा किया। जहां उन लोगों ने ट्रक को महानदी पुल पर घेर लिया।इसके बाद ट्रक में सवार तीनों युवकों की जमकर पिटाई करने लगे। इनमें से एक युवक की लाश महानदी में मिली और दूसरे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी।



### शीघ्र खुलासा होगा

वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल था , जिसका रायपुर के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। आरंग मामले में घायल तीसरा युवक सद्दाम कुरेशी जिंदगी और मौत की जंग हार गया इस मामले की जांच पड़ताल के लिए रायपुर एसएसपी ने एसआईटी का गठन किया है। स्पेशल जांच टीम इस पूरे मामले की जांच करे रही है। टीम का नेतृत्व रायपुर ग्रामीण एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर को सौंपा गया है। इसके अलावा टीम में करीब 14 पुलिस अफसर शामिल है। SIT के अधिकारियों ने जल्द इस मामले में खुलासे का दावा किया है।

## खबर संक्षेप



### जनहित के मुद्दों पर शिवसेना ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**आरंग**। आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के जनदर्शन कार्यक्रम में बुधवार को शिवसेना आरंग ने जिला महासाचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व मे दस सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमे प्रमुख रूप से भागीरथी नल जल योजना के तहत नलों में पानी नही आने से जल कर शुल्क माफ करने, मानसून पूर्व सभी वार्डों में नाली की सफाई, नगर के बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को चालू कराने, कॉलेज चौक खरोरा रोड में अधिक जाम लगने के कारण बाईपास रोड की मांग, आरंग शहर में ऑनलाइन टैक्स जमा हेतु सुविधा उपलब्ध कराने, यात्री प्रतीक्षालय को व्यवस्थित करने हेतु स्थानीय सब्जी मार्केट आने जाने वाले मार्ग को सीसी रोड बनवाने एवं सभी जन समस्याओं को तत्काल दूर करने का मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव, नगर अध्यक्ष राज दुबे, शत्रुहन सोनकर, टेकू देवांगन, देवा साहू, उजाला जलक्षत्री, रेखराज अग्रवाल, कमलेश निर्मलकर, धनराज जलक्षत्री एवं अधिक संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

### साहू का कांग्रेस से निष्कासन हुआ रद्द

**आरंग**। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी व महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के मौखिक निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मन्नुलाल साहू के ब्लाक आरंग की पार्टी से निष्कासन को समाप्त कर पुनः कांग्रेस की मूल धारा में वापस करने का निर्णय लिया है। मन्नुलाल साहू कांग्रेस कमेटी का आभार माना है।



### सीएम व मंत्रियों ने सांसद बनने पर बृजमोहन को किया सम्मानित

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनको सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा, श्री अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री से मिला आईएएस एसोसिएशन

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पिंगुआ ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और आईएएस एसोसिएशन के सचिव प्रसन्ना आर. मौजूद रहे।

### सीबीआई को प्रतिबंधित करने वाले किस मुंह से जांच की मांग कर रहे

**रायपुर**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार आगजनी मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने सवाल किया कि अपने शासनकाल में तमाम संघीय ढांचे को तहस-नहस करने पर आमादा भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित किया था, अब किस मुंह से कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है? उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाकर आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता रहा।

### एनएसयूआई, यूथ व महिला कांग्रेस घेरेगी गृहमंत्री निवास

**रायपुर**। एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस और महिला कांग्रेस द्वारा गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस साइंस कॉलेज में कल राज्यस्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग करेंगी।

### ये है कार्यक्रम, 35 हजार लोग होंगे शामिल

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7 से 8 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रशिक्षित एवं अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। इसमें राज्य के जन-प्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं पंतजलि योग संस्थान छत्तीसगढ़, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्थान छत्तीसगढ़, आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान छत्तीसगढ़, अखिल भारतीय गायत्री परिवार संस्थान छत्तीसगढ़, हार्टफुलनेस योग संस्थान छत्तीसगढ़, हास्य योग संस्थान छत्तीसगढ़ के योग साधक सहित लगभग 35 हजार जन सामान्य सम्मिलित होंगे।

**योग दिवस पर संगोष्ठी आजः** योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ सिंधी पंचायत द्वारा 20 जून को योग पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तेलीबांधा स्थित पंचायत के प्रदेश कार्यालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। साथ ही पंचायत द्वारा योग पर स्लोगन प्रतियोगिता होगी।

## डॉ. रमन ने की सराहना, कहा- यह सच्ची जनसेवा

# मुख्यमंत्री ने विधायक बोहरा द्वारा संचालित 5 नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्बुलेंस वाली दीदी के नाम से जनता के बीच लोकप्रिय पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा को बड़ी सौगात दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर में उनके द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ किया। जनसेवा के प्रति उनके कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें और पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई दी। पिछले 10 वर्षों से समाज सेविका के रूप में भावना बोहरा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार जनहित के कार्य कर रही हैं।

इन 5 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत के साथ ही उनके द्वारा अब तक 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, 1 निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब और महाविद्यालयीन छात्राओं को कॉलेज से घर आने-जाने के लिए 3 निः शुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करने का जो उद्देश और मार्ग उन्होंने चुना है, वह भाजपा की नीति और संस्कार को प्रदर्शित करता है। आपातकालीन सेवा के लिए उन्होंने जनता की सुविधा के लिए जो संकल्प किया है, उसे पूरा करने के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ सरकार भी प्रदेश की जनता की सेवा, सुविधा और प्रदेश में सुशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। शुभारंभ के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, कबीरधाम जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, पंडरिया विधानसभा के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*यह सच्ची जनसेवा- डॉ. रमन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भावना बोहरा के जनहित के प्रयासों एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, यह सच्ची जनसेवा है। उन्होंने कहा, अपने नाम के अनुरूप जन भावना के साथ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों के साथ ही पार्टी की एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में भी वो अपने दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं। जनता के हर सुख-दुःख में साथ रहना और उनकी सुविधाओं के साथ-साथ अपने क्षेत्र का विकास करना एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है और वे अपने कर्तव्यों को बखूबी निभा रही हैं।*

### राजनीति मेरे लिए जन सेवा का माध्यमः भावना

विधायक भावना बोहरा ने कहा, यह क्षण मेरे लिए बहुत ही भावुक और गौरवान्वित करने वाला है कि जो संकल्प हमने किया था, आज वह प्रत्यक्ष रूप से साकार हुआ। इस निःशुल्क एम्बुलेंस के माध्यम से आप सभी पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को आपातकाल में त्वरित समाधान मिल सके। साथ ही किसी भी विषम परिस्थिति में वे तत्काल अस्पताल पहुंच सकें, इसके साथ ही गर्भवती माताओं-बहनों को गर्भावस्था के दौरान बेहतर सुविधा मिल सके, यही हमारा उद्देश्य है। मैंने हमेशा ही कहा है कि राजनीति मेरे लिए जनसेवा का एक माध्यम है। लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से मैंने जनता के बीच रहकर उनकी जो तकलीफों को देखा, समस्याओं को जाना एवं उनकी आकांक्षाओं को जाना है।

# सरकार की लापरवाही से हाईकोर्ट में पदोन्नति में आरक्षण रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण अनुसूचित जाति और जनजाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ा है। उच्च न्यायालय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार द्वारा 22 और 30 अक्टूबर 2019 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें प्रमोशन का कोटा निर्धारित किया था।



- भाजपा नहीं चाहती आरक्षित वर्गों को उनका हक और अधिकार मिले

वर्ग 1 से वर्ग 4 तक के अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को 13 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों को 32 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। कुछ लोगों ने इसके विरोध में उच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा की साय सरकार ने इस मामले में आरक्षण के संबंध में सही तथ्य अदालत के सामने नहीं रखे, जिसके कारण अदालत ने कांग्रेस सरकार के समय जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी वंचित वर्गों के आरक्षण की विरोधी है। उसे जब-जब अवसर मिलता है, वह आरक्षण को समाप्त करने का षड़यंत्र करती है।

# मुख्यमंत्री ने किया एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, राज्य नीति आयोग विष्णुदेव साय ने बुधवार को मंत्रालय, नवा रायपुर में आयोजित कैबिनेट की बैठक के बाद सतत विकास लक्ष्य जिला स्तर तक स्थानीयकरण एवं सतत प्रभावी मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार की गई एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023. एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' का विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह द्वारा इस अवसर पर जानकारी दी गई कि राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार किये गये ''एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023.'' के 82 इंडिकेटर एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' के 275 इंडिकेटर में प्रगति के आधार पर विभाग एवं जिला कलेक्टर व विभाग विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों के प्रगति का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं अनुशीलन कर सकेंगे। रिपोर्ट में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबधी इंडिकेटर में प्राप्त प्रगति के आधार पर जिलों को 'स्कोर' व 'रैंकिंग' प्रदाय की गई है। रिपोर्ट अंतर्गत जिलों की प्रगति के डाटा को आई.टी. प्लेटफार्म 'एसडीजी डैशबोर्ड' के माध्यम से भी देखा जा सकता है, जिसiसे संबंधित विभाग एवं प्रत्येक जिला समय-समय पर तुलनात्मक प्रगति से अवगत होकर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही कर सकते हैं।

### शामिल हुए मंत्री और अधिकारी

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सहित राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य सचिव अनूप कुमार श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सचिव, नीति, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अंकित आनंद, डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक, राज्य नीति आयोग भी उपस्थित थे।

## पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, महाराष्ट्र मंडल और छत्तीसगढ़ मित्र द्वारा पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह पर एक दिवसीय बुधवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर को सप्रे सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर ने कहा कि पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी और साहित्यिक पत्रकारिता की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई और इसका श्रेय पं माधवराव सप्रे को जाता है। उन्होंने कहा कि मराठी भाषी होने के बाद भी वे हिंदी और हिंदी प्रदेश के लिए समर्पित रहे। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय नक्शे पर लाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। अनेक विधाओं के माध्यम से सप्रे जी ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। साहित्यिक पत्रिका समाज को दिशा निर्देश दिया। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्रा, समारोह के अध्यक्ष डॉ सुशील त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डा चित्तरंजन कर, प्रो अनिल कालेले, पत्रकार रवींद्र ठेंगड़ी, समीर दीवान, डा रामकुमार बेहार, अशोक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के खाली पदों पर भर्ती शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के पद कई जिलों में खाली हैं। इन पर भर्ती के लिए राज्य बाल संरक्षण समिति ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

- 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए
- बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली

बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली हैं। इनमें गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा जिला शामिल हैं। इन सभी जिलों में सदस्य के 4-4 पद भी भरे जाने हैं। इनके अलावा दंतेवाड़ा, कोंडागांव, और महासमुंद में भी चार पद भरे जाने हैं। कुल मिलाकर अध्यक्ष के 7 और सदस्यों के 28 पदों पर भर्ती की जानी है। अध्यक्ष और सदस्यों को मानदेय के रूप में प्रति बैठक दो हजार रुपए दिए जाएंगे।



किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों के पद गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा तथा रायपुर में खाली है। इन आठ जिलों में कुल 14 सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जानी है। इन्हें भी प्रति बैठक दो हजार रुपए के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड में महिलाओं के लिए एक-एक पद रखा गया है।

### ये योग्यता होगी आवश्यक

किशोर न्याय बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 35 साल और 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, या बालक कल्याण के क्रियाकलापों में बालकों के साथ काम करने का कम से कम सात साल का अनुभव होना चाहिए। वे बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या समाज विज्ञान, विधि क्षेत्र में डिग्री प्राप्त व्यावसायरत होने चाहिए। इसी प्रकार बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के लिए न्यूनतम आयु 35 साल अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। इसके साथ ही बाल मनोविज्ञान, मनोचिकित्सा, कानून, सामाजिक कार्य या समाज शास्त्र या मानव स्वास्थ्य, शिक्षा, मानव विकास, दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षा में डिग्री होनी चाहिए। साथ ही बालकों से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा या कल्याण गतिविधियों में सात साल का अनुभव होना चाहिए।

# विधायक जनदर्शन में मिले 121 आवेदन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



विधायक बनने के बाद लगातार हर बुधवार को विधायक गुरु खुशवंत साहेब अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगो के बीच अपने क्षेत्रीय कार्यलय आरंग में प्रत्येक बुधवार को जनताओं की समस्याएं सुनते है तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी देते है। इसी कड़ी में बुधवार को दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक लोगो के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान भी किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद प्रति बुधवार को जनदर्शन कार्यक्रम होता है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से लोगो की छोटी–बड़ी समस्याओ का निराकरण किया जाता है। वही इस सुविधा से आरंग विधानसभा वासियों की चेहरे पर भी मुस्कान है और साथ ही क्षेत्रवासियों ने कहां की ऐसे विधायक हमें पहली बार मिला है जो हर सप्ताह हमारी समस्याएं को ध्यान में रखकर हमारे बीच रहता है। जनदर्शन कार्यक्रम में कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर आरंग क्षेत्र की जनमानस के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी विधायक मीडिया सलाहकार देवेन्द्र निराला ने दी।

# निकाय चुनाव की तैयारी तेज, लेकिन निर्वाचन आयुक्त पद अब तक खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार ने सभी निकायों में परिसीमन कराने का आदेश जारी कर दिया है, लेकिन राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद पिछले आठ माह से रिक्त है। चुनाव कराने से पहले सरकार को इस पद पर नियुक्ति जल्द करनी होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद नवंबर से खाली है।

- परिसीमन के लिए नगरीय निकाय का परिपत्र जारी
- परिसीमन के बाद मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया निर्वाचन आयुक्त ही शुरू करेंगे

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे ठाकुर राम सिंह के कार्यकाल में सरकार ने वृद्धि की थी। नवंबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया। तब से यह पद रिक्त है, नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। उसके बाद पंचायत चुनाव जनवरी-फरवरी 2025 में कराने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। ऐसे में सबसे पहले इस पद पर नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय विभाग द्वारा निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है।

पहले चरण में 18 जुलाई तक सभी निकायों का परिसीमन कराने का परिपत्र विभाग ने जारी किया है। परिसीमन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी करना होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद रिक्त होने के कारण यह कार्य प्रभावित होगा। ऐसे में सरकार को जल्द किसी सेवानिवृत्त आईएएस की नियुक्ति इस पद पर करनी होगी।




### आयुक्त को ही निर्णय का अधिकार

राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक नगरीय निकायों व पंचायत के निर्वाचन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार राज्य निर्वाचन आयुक्त के पास होता है। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली होने के कारण निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है।

### इन नामों की चर्चा

राज्य के नए निर्वाचन आयुक्त के लिए दो आईएएस अफसरों का नाम चर्चा में है। इनमें रिटायर आईएएस डीडी सिंह और संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग का नाम चर्चा में है। डीडी सिंह 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद से संविदा पर काम कर रहे हैं। श्री अलंग जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनके पास जिला और संभाग में रहते हुए चुनाव कराने का लंबा अनुभव है। राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति 6 साल या 66 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तब की जाती है।

# टेंडर में गड़बड़ी, निर्माण में लापरवाही, पांच अफसर-कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्यों एवं दायित्व निर्वहन में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों के लिए नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पांच अधिकारियों के निलंबन का आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है।

### इसलिए लेखापाल हुआ सस्पेंड

घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के प्रतिकूल गुणवत्ताहीन कार्य का भुगतान कराने के लिए लेखापाल जयानंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन सभी अधिकारियों का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय (क्षेत्रीय कार्यालय) बिलासपुर नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## डिप्टी सीएम साव के अनुमोदन पर कार्रवाई, प्रभारी सीएमओ, उप अभियंता, लेखापाल शामिल

### जमीन का सत्यापन नहीं, सड़क बना दी

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सड़क की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खुदाई, जी.एस.बी., बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किए जाने, अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए तत्कालीन उप अभियंता अजय प्रधान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।



### प्रभारी सीएमओ पर कार्रवाई

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने, विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का भुगतान करने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### दो उपअभियंताओं ने की गड़बड़ी

विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्कालीन उप अभियंता निखिल जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने, निर्माण के दौरान परीक्षण हेतु क्युब नहीं लेने, निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान करने की अनुशंसा के लिए तत्कालीन उप अभियंता प्रदीप पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सीएम व मंत्रियों ने सांसद बनने पर बृजमोहन को किया सम्मानित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनको सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा, श्री अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री से मिला आईएएस एसोसिएशन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पिंगुआ ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और आईएएस एसोसिएशन के सचिव प्रसन्ना आर. मौजूद रहे।

### हत्या मामले में निष्पक्ष जांच कराने धनेंद्र ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग की है कि 12 जून को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पारागांव की रेत खदान के खनन क्षेत्र में ही समीप के ग्राम घोंट निवासी राजेश यादव की कुछ लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। घटना में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

### सीबीआई को प्रतिबंधित करने वाले किस मुंह से जांच की मांग कर रहे

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार आगजनी मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने सवाल किया कि अपने शासनकाल में तमाम संघीय ढांचे को तहस-नहस करने पर आमादा भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित किया था, अब किस मुंह से कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है? उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाकर आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता रहा।

### एनएसयूआई, यूथ व महिला कांग्रेस घेरेगी गृहमंत्री निवास

**रायपुर।** एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस और महिला कांग्रेस द्वारा गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव किया जाएगा। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी, लगातार बढ़ते अपराधिक मामलों वा लचर व्यवस्था के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर यह घेराव किया जा रहा है।

### धान का समर्थन मूल्य सिर्फ 2300 रुपए करना किसानों के साथ विश्वासघात

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा, केन्द्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, जो कि किसानों की भावनाओं के साथ कुठाराघात है। किसानों से वोट लेते समय आमदनी दोगुना करने की बात करते हैं, वहीं जब धान का मूल्य निर्धारण करते समय मात्र 117 रुपये की वृद्धि करते हैं। राज्य में 3100 रुपया क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है।

### कांग्रेस ने बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को लेकर एआईसीसी ने एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। राज्य में हार के कारणों की पड़ताल करने वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए कांग्रेसी नेता छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस नेताओं से बात कर यह जानने का प्रयास करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस साइंस कॉलेज में कल राज्यस्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग करेंगी।

### 35 हजार लोग होंगे शामिल

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7 से 8 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रशिक्षित एवं अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। इसमें राज्य के जन-प्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं पंतजलि योग संस्थान छत्तीसगढ़, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्थान छत्तीसगढ़, हार्टफुलनेंस योग संस्थान छत्तीसगढ़, हास्य योग संस्थान छत्तीसगढ़ के योग साधक सहित लगभग 35 हजार जन सामान्य सम्मिलित होंगे।

**योग दिवस पर संगोष्ठी आज:** योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ सिंधी पंचायत द्वारा 20 जून को योग पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तेलीबांधा स्थित पंचायत के प्रदेश कार्यालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग गुरु मधु बहादुर सिंह, राकेश दुबे, बरखा अंदानी, प्रद्युम्न यादव मुख्य वक्ता के रुप में शामिल होंगे और योग की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे।

## डॉ. रमन ने की सराहना, कहा- यह सच्ची जनसेवा

# मुख्यमंत्री ने विधायक बोहरा द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्बुलेंस वाली दीदी के नाम से जनता के बीच लोकप्रिय पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा को बड़ी सौगात दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर में उनके द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ किया। जनसेवा के प्रति उनके कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें और पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई दी। पिछले 10 वर्षों से समाज सेविका के रूप में भावना बोहरा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार जनहित के कार्य कर रही हैं।

इन 5 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत के साथ ही उनके द्वारा अब तक 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, 1 निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब और महाविद्यालयीन छात्राओं को कॉलेज से घर आने-जाने के लिए 3 निः शुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करने का जो उद्देश और मार्ग उन्होंने चुना है, वह भाजपा की नीति और संस्कार को प्रदर्शित करता है। आपातकालीन सेवा के लिए उन्होंने जनता की सुविधा के लिए जो संकल्प किया है, उसे पूरा करने के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ सरकार भी प्रदेश की जनता की सेवा, सुविधा और प्रदेश में सुशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। शुभारंभ के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, कबीरधाम जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, पंडरिया विधानसभा के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*यह सच्ची जनसेवा- डॉ. रमन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भावना बोहरा के जनहित के प्रयासों एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, यह सच्ची जनसेवा है। उन्होंने कहा, अपने नाम के अनुरूप जन भावना के साथ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों के साथ ही पार्टी की एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में भी वो अपने दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं। जनता के हर सुख-दुःख में साथ रहना और उनकी सुविधाओं के साथ-साथ अपने क्षेत्र का विकास करना एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है और वे अपने कर्तव्यों को बखूबी निभा रही हैं।*

### राजनीति मेरे लिए जन सेवा का माध्यमः भावना

विधायक भावना बोहरा ने कहा, यह क्षण मेरे लिए बहुत ही भावुक और गौरवान्वित करने वाला है कि जो संकल्प हमने किया था, आज वह प्रत्यक्ष रूप से साकार हुआ। इस निःशुल्क एम्बुलेंस के माध्यम से आप सभी पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को आपातकाल में त्वरित समाधान मिल सके। साथ ही किसी भी विषम परिस्थिति में वे तत्काल अस्पताल पहुंच सकें, इसके साथ ही गर्भवती माताओं-बहनों को गर्भावस्था के दौरान बेहतर सुविधा मिल सके, यही हमारा उद्देश्य है। मैंने हमेशा ही कहा है कि राजनीति मेरे लिए जनसेवा का एक माध्यम है। लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से मैंने जनता के बीच रहकर उनकी जो तकलीफों को देखा, समस्याओं को जाना एवं उनकी आकांक्षाओं को जाना है।

# सरकार की लापरवाही से हाईकोर्ट में पदोन्नति में आरक्षण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण अनुसूचित जाति और जनजाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ा है। उच्च न्यायालय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार द्वारा 22 और 30 अक्टूबर 2019 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें प्रमोशन का कोटा निर्धारित किया था।



- भाजपा नहीं चाहती आरक्षित वर्गों को उनका हक और अधिकार मिले

वर्ग 1 से वर्ग 4 तक के अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को 13 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों को 32 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। कुछ लोगों ने इसके विरोध में उच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा की साय सरकार ने इस मामले में आरक्षण के संबंध में सही तथ्य अदालत के सामने नहीं रखे, जिसके कारण अदालत ने कांग्रेस सरकार के समय जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी वंचित वर्गों के आरक्षण की विरोधी है। उसे जब-जब अवसर मिलता है, वह आरक्षण को समाप्त करने का षड़यंत्र करती है।

# मुख्यमंत्री ने किया एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, राज्य नीति आयोग विष्णुदेव साय ने बुधवार को मंत्रालय, नवा रायपुर में आयोजित कैबिनेट की बैठक के बाद सतत विकास लक्ष्य जिला स्तर तक स्थानीयकरण एवं सतत प्रभावी मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार की गई एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023. एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' का विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह द्वारा इस अवसर पर जानकारी दी गई कि राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार किये गये ''एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023.'' के 82 इंडिकेटर एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' के 275 इंडिकेटर में प्रगति के आधार पर विभाग एवं जिला कलेक्टर व विभाग विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों के प्रगति का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं अनुशीलन कर सकेंगे। रिपोर्ट में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबधी इंडिकेटर में प्राप्त प्रगति के आधार पर जिलों को 'स्कोर' व 'रैंकिंग' प्रदाय की गई है। रिपोर्ट अंतर्गत जिलों की प्रगति के डाटा को आई.टी. प्लेटफार्म 'एसडीजी डैशबोर्ड' के माध्यम से भी देखा जा सकता है, जिससे संबंधित विभाग एवं प्रत्येक जिला समय-समय पर तुलनात्मक प्रगति से अवगत होकर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही कर सकते हैं।

### शामिल हुए मंत्री और अधिकारी

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सहित राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य सचिव अनूप कुमार श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सचिव, नीति, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अंकित आनंद, डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक, राज्य नीति आयोग भी उपस्थित थे।

## पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, महाराष्ट्र मंडल और छत्तीसगढ़ मित्र द्वारा पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह पर एक दिवसीय बुधवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर को सप्रे सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर ने कहा कि पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी और साहित्यिक पत्रकारिता की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई और इसका श्रेय पं माधवराव सप्रे को जाता है। उन्होंने कहा कि मराठी भाषी होने के बाद भी वे हिंदी और हिंदी प्रदेश के लिए समर्पित रहे। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय नक्शे पर लाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। अनेक विधाओं के माध्यम से सप्रे जी ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। साहित्यिक पत्रिका समाज को दिशा निर्देश दिया। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्रा, समारोह के अध्यक्ष डॉ सुशील त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डा चित्तरंजन कर, प्रो अनिल कालेले, पत्रकार रवींद्र ठेंगड़ी, समीर दीवान, डा रामकुमार बेहार, अशोक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के खाली पदों पर भर्ती शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के पद कई जिलों में खाली हैं। इन पर भर्ती के लिए राज्य बाल संरक्षण समिति ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

- 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए
- बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली

बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली हैं। इनमें गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा जिला शामिल हैं। इन सभी जिलों में सदस्य के 4-4 पद भी भरे जाने हैं। इनके अलावा दंतेवाड़ा, कोंडागांव, और महासमुंद में भी चार पद भरे जाने हैं। कुल मिलाकर अध्यक्ष के 7 और सदस्यों के 28 पदों पर भर्ती की जानी है। अध्यक्ष और सदस्यों को मानदेय के रूप में प्रति बैठक दो हजार रुपए दिए जाएंगे।



किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों के पद गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा तथा रायपुर में खाली है। इन आठ जिलों में कुल 14 सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जानी है। इन्हें भी प्रति बैठक दो हजार रुपए के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड में महिलाओं के लिए एक-एक पद रखा गया है।

### ये योग्यता होगी आवश्यक

किशोर न्याय बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 35 साल और 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, या बालक कल्याण के क्रियाकलापों में बालकों के साथ काम करने का कम से कम सात साल का अनुभव होना चाहिए। वे बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या समाज विज्ञान, विधि क्षेत्र में डिग्री प्राप्त व्यावसायरत होने चाहिए। इसी प्रकार बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के लिए न्यूनतम आयु 35 साल अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। इसके साथ ही बाल मनोविज्ञान, मनोचिकित्सा, कानून, सामाजिक कार्य या समाज शास्त्र या मानव स्वास्थ्य, शिक्षा, मानव विकास, दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षा में डिग्री होनी चाहिए। साथ ही बालकों से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा या कल्याण गतिविधियों में सात साल का अनुभव होना चाहिए।

# यूथ कांग्रेस ने किया 55 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह शिविर रखा गया था। इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के 55 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इसमें शामिल हुए एवं कार्यकर्ता और पदाधिकारी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर एक अच्छी पहल है। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, राहुल गांधी संविधान की रक्षा करने के लिए देश में यात्रा कर चुके हैं। कार्यकर्ताओं की कोशिश है कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

# निकाय चुनाव की तैयारी तेज, लेकिन निर्वाचन आयुक्त पद अब तक खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार ने सभी निकायों में परिसीमन कराने का आदेश जारी कर दिया है, लेकिन राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद पिछले आठ माह से रिक्त है। चुनाव कराने से पहले सरकार को इस पद पर नियुक्ति जल्द करनी होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद नवंबर से खाली है।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे ठाकुर राम सिंह के कार्यकाल में सरकार ने वृद्धि की थी। नवंबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया। तब से यह पद रिक्त है, नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। उसके बाद पंचायत चुनाव जनवरी-फरवरी 2025 में कराने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। ऐसे में सबसे पहले इस पद पर नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय विभाग द्वारा निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। पहले चरण में 18 जुलाई तक सभी निकायों का परिसीमन कराने का परिपत्र विभाग ने जारी किया है। परिसीमन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी करना होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद रिक्त होने के कारण यह कार्य प्रभावित होगा। ऐसे में सरकार को जल्द किसी सेवानिवृत्त आईएएस की नियुक्ति इस पद पर करनी होगी।

- परिसीमन के लिए नगरीय निकाय का परिपत्र जारी
- परिसीमन के बाद मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया निर्वाचन आयुक्त ही शुरू करेंगे




### आयुक्त को ही निर्णय का अधिकार

राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक नगरीय निकायों व पंचायत के निर्वाचन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार राज्य निर्वाचन आयुक्त के पास होता है। राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली होने के कारण निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है।

### इन नामों की चर्चा

राज्य के नए निर्वाचन आयुक्त के लिए दो आईएएस अफसरों का नाम चर्चा में है। इनमें रिटायर आईएएस डीडी सिंह और संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग का नाम चर्चा में है। डीडी सिंह 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद से संविदा पर काम कर रहे हैं। श्री अलंग जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनके पास जिला और संभाग में रहते हुए चुनाव कराने का लंबा अनुभव है। राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति 6 साल या 66 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तब की जाती है।

## खबर संक्षेप



### यादव समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**रायपुर।** यादव (ठेठवार) समाज का वार्षिक महाधिवेशन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम भी रखा गया। यह कार्यक्रम महादेवघाट स्थित राज मुख्यालय भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव की पूजा-अर्चना कर समाज प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद बारहवीं दसवीं में 75% से अधिक अंक लाने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। रायपुर राज के अंतर्गत आने वाले 17 पार प्रमुखों का स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, गजानंद यादव, श्रीकांत यदु, संतोष यदु, मनीराम यादव, शोभाराम यादव, नवीन यदु, गौकर्ण यदु, नरेश यादव, रामजीवन यदु, जयराम यादव, प्रवीण यादव, सचिव युगल यदु सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे व समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## निधन

### आनंद आहूजा

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर जनता क्वार्टर निवासी आनंद आहूजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीपक, राजकुमार, रोहित, आकाश, राहुल, आशीष, विशाल आहूजा के भाई थे।



# पिन होल तकनीक से वेसलप्लास्टी कर वृद्धा को दर्द से दिलाया छुटकारा

## बढ़ती उम्र से हड्डियां हो गई थीं कमजोर, रीढ़ की हड्डी में असहनीय पीड़ा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बढ़ती उम्र में हड्डी कमजोर होने की वजह से रीढ़ की हड्डी की असहनीय पीड़ा झेल रही 79 साल की महिला को चिकित्सकों ने राहत दिलाई है। पिन होल तकनीक अपनाकर वेसलप्लास्टी के माध्यम से बोन सीमेंट इंजेक्ट किया गया। पिछले एक महीने से वृद्धा बैठ भी नहीं पा रही थी और दवाइयों के सेवन से भी उसका दर्द ठीक नहीं हो रहा था।

रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने पहली बार नॉन हीलिंग वर्टेब्रल कम्प्रेशन फ्रैक्चर से पीड़ित वृद्धा की वेसलप्लास्टी की। वृद्धा कई महीने से इस समस्या से पीड़ित थी और इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंची थी।

### लकवा का भी खतरा

चिकित्सकों के अनुसार वर्टेब्रल कम्प्रेशन में रीढ़ की हड्डी एक तरह से टूट जाती है या दब जाती है। स्पाइन के कैंसर की बीमारी में भी कंप्रेशन फ्रैक्चर हो जाता है। बढ़ती उम्र में जब हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तब हल्की सी चोट भी दिक्कत पैदा करती है। यह बीमारी या समस्या ज्यादा दिन तक रहने पर स्पाइनल कॉड को दबा देती है, जिससे कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर देता है और मरीज को लकवा हो जाता है।



### नई तकनीक

डॉ. पात्रा ने बताया कि वेसलप्लास्टी एक नई तकनीक है। इसके पहले वर्टिब्रोप्लास्टी करते थे, जिसमें पैडीकल द्वारा वर्टेब्रल बॉडी में पहुंचकर अंदर बोन सीमेंट डालते थे। इस दौरान स्पाइनल कैनाल में रिसाव की आशंका रहती थी। इसके बाद काइफोप्लास्टी आया, जिसमें बॉडी के अंदर बैलून डालकर जगह बनाते थे और उस जगह में बोन सीमेंट डालते थे, जिसमें भी वही खतरा रहता था। नई तकनीक में इस तरह की समस्या होने की संभावना नहीं होती।

इंटरवेशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि सुई के छेद से की गई पूरी प्रक्रिया के बाद मरीज आधे घंटे के बाद बैठने में समर्थ हो गई और उसे उसी दिन अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अधिक उम्र के मरीजों में कोई भी प्रक्रिया काफी जोखिम भरी रहती है। हमारे पास इस प्रक्रिया के लिए बीच के तीन मिनट बेहद अहम होते हैं, जब पॉलीमेथिल मेथाक्रिलेट यानी बोन सीमेंट को तैयार कर भीतर ही इंजेक्ट करना रहता है, क्योंकि यदि इसमें देर की गई तो बोन सीमेंट बाहर के वातावरण में तुरंत ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाता है और जिस स्थान पर है, वहीं जम जाता है। इस प्रक्रिया को डॉ. पात्रे के साथ डीकेएस हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष टावरी, एनेस्थेटिस्ट डॉ. प्रतिभा जैन एवं डॉ. वृतिका सहित अन्य चिकित्सक और स्टाफ ने मिलकर पूरा किया।

# सुभाष नगर नाले से निकाला 3 डंपर कचरा पाटा तोड़कर की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोन 2 के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सुभाष नगर नाला की जेसीबी मशीन से सफाई कराई। इस दौरान 3 डंपर कचरा बाहर निकाला गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर नाले-नालियों की सफाई में सतर्कता बरतने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इधर जोन 5 ने आमापारा निगम कालोनी के इमाम बाड़ा के पास नाली पर बने लंबे पाटा को तुड़वाकर गंदे पानी का निकास कराया। मंगलवार को शहर में तेज बारिश के बाद नगर निगम का स्वास्थ्य अमला नाले-नालियों की सफाई को लेकर एलर्ट मोड में आ गया है। जोन 2 के स्वास्थ्य महकमे ने सुभाषनगर नाला की सफाई जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में कराई। इस दौरान नाले से बड़ी मात्रा में मलबा, प्लास्टिक की पन्नी, डिस्पोजल गिलास सहित कूड़ा करकट निकाला गया।

■ बारिश पूर्व नाला सफाई

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देश पर जोन 6 की टीम ने वार्ड 59 और 62 में नाला जाम की समस्या को दूर करवाया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा उपस्थित रहे। लालपुर एमएमआई हास्पिटल के पास नाली की सफाई जेसीबी मशीन से कराई।

## ग्रिल पेंटिंग, पाथवे बनेगा, ड्रेनेज सिस्टम करेंगे दुरुस्त

# वंदना आटो से एनआईटी होते यूनिवर्सिटी गेट के सामने तक होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के जीई रोड की सुंदरता में जल्द निखार आयेगा। 2.6 किलोमीटर दायरे की सड़क का सौंदर्यीकरण कर इसे आदर्श सड़क का रूप दिया जा ये गा। इसमें पैदल चलने वालों के लिए सड़क के दोनों ओर पाथवे बनेगा। केबल तारों को भूमिगत कर वायरलेस एरिया बनाया जायेगा।

डिवाइडर के बीच ग्रिल पेंटिंग कर बीच-बीच में महापुरुषों के सुंदर चित्र का समावेश रहेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3.50 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाकर एजेंसी तय की है। अनुबंधित एजेंसी ने जीई रोड के वंदना आटो से आरकेसी गेट होते हुए एनआईटी तक अंडरग्राउंड केबलिंग करने डिवाइडर के पास वाली सड़क के दोनों ओर खुदाई की है। यूनिवर्सिटी गेट तक सड़क का सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

## भूमिगत केबल के लिए खुदाई



### डिवाइडर के बीच नजर आएगी हरियाली

डिवाइडर के मध्य महापुरुषों के सुंदर चित्र के साथ आंखों को सुकून देने हरियाली के लिए पौधारोपण किया जायेगा। करीब 2.6 किलोमीटर के क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसमें आकर्षक कलाकृति को भी स्थान देने की योजना है। पर्यावरण संरक्षण, पानी की बचत, स्वच्छता की महत्ता बताते स्लोगन सहित जनजागरूकता दर्शान वाले प्रेरक चित्र की चित्रकारी कराई जायेगी। 3.50 करोड़ के इस प्रोजेक्ट डिवाइडर बनाते समय सड़क की चौड़ाई कम नहीं होगी, बल्कि जिन जगहों पर सिंगल डिवाइडर बना है, वहां डबल डिवाइडर बनाया जायेगा, ताकि जीई रोड से आने-जाने वालों को शहर का यह मुख्य मार्ग सुंदर लगे।

### 2.6 किमी की सड़क का सौंदर्यीकरण

जीई रोड की सड़क का सौंदर्यीकरण कर उसे आदर्श सड़क बनाने 2.6 किलोमीटर के दायरे की सड़क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर लोगों के आने-जाने पाथवे, डिवाइडर के बीच हरियाली लाने पौधारोपण किया जायेगा। सड़क के दोनों ओर सुंदर लैंड स्केपिंग कर उसे सुंदर स्वरूप दिया जायेगा। ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के साथ ही अंडरग्राउंड केबलिंग का काम शामिल है। 6 माह की समय सीमा इस प्रोजेक्ट के लिए तय की गई है।

*- पीके पंचायती, जीएम टेक्निकल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### जीई रोड को सुंदर स्वरूप देने की तैयारी

स्मार्ट सिटी के अनुरूप शहर के मुख्य मार्ग की जीई रोड को सुंदर स्वरूप देने की तैयारी है। वंदना आटो से आमानाका तक की सड़क को आकर्षक लुक देने और उसका सौंदर्यीकरण कर लैंडस्केपिंग कराया जायेगा। डिवाइडर के टूट-फूट की मरम्मत के साथ ग्रिल पेंटिंग कराई जायेगी। इसके साथ ही सड़क मरम्मत का काम कराया जायेगा। अनुबंधित एजेंसी ने शुरुआत में डिवाइडर के दोनों ओर अंडरग्राउंड केबलिंग करने के लिए सड़क की खुदाई कराई है। इसके बाद सड़क के दोनों ओर लोगों के पैदल चलने नया पाथवे बनाया जायेगा। यही नहीं, बारिश के समय मुख्य मार्ग की इस सड़क में जलभराव की समस्या न हो इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त कराने की योजना है। पूर्व में लगाये गये स्ट्रीट पोल पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था रहेगी।

# शहीद परिवारों के लिए 6 सूत्रीय मांग को लेकर बेमियादी धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के बूढ़ापारा तालाब के सामने अमर जवान शहीद परिवार ने बुधवार को अपनी 6 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर धरना दिया। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के पहले दिन कांकेर और कोंडागांव से आए अमर जवान शहीद परिवार के सदस्य शामिल हुए। उन्होंने पुलिस नौकरी में शहीद परिवार के बच्चों को आरक्षण, ग्रेजुएशन तक सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। अमर जवान शहीद परिवार ने बूढ़ापारा के धरना स्थल के समीप लंबित मांगों को लेकर धरना दिया। प्रदर्शन में शामिल अमर जवान शहीद परिवार के सदस्यों का कहना है, 6 सूत्रीय मांग को लेकर वे राजधानी में धरना देने पहुंचे हैं। उनकी प्रमुख हैं राज्य में संचालित शासकीय शैक्षणि संस्थानों में शहीदों के बच्चों के लिए निःशुल्क सीट आरक्षण और निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था स्नातक कक्षा तक प्रदान की जाये। इसी तरह पुलिस भर्ती में आरक्षक से लेकर उप निरीक्षक तक और अन्य शासकीय पदों पर शहीद परिवार के सदस्यों के लिए सीट आरक्षित की जाये। धरना प्रदर्शन कर रहे अमर शहीद परिवार ने एसपीओ, गोपनीय सैनिक, सहायक आरक्षक के शहीद जवानों को आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने की मांग की है।

■ पुलिस नौकरी में आरक्षण, ग्रेजुएशन तक मुफ्त शिक्षा सहित अन्य मांग

# हस्ताक्षर अभियान के जरिए दोबारा परीक्षा की मांग

**रायपुर।** नीट में हुई धांधली के विरोध में एनएसयूआई द्वारा हस्ताक्षर अभियान तेलीबांधा तालाब में चलाया गया। यह अभियान छात्रों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से चलाया गया। एनएसयूआई ने कहा, नीट में धांधली हमारी शिक्षा प्रणाली पर एक काला धब्बा है। हम इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। परीक्षा में धांधली की घटनाओं ने छात्रों के भविष्य को अनिश्चित बना दिया है। हम इसे सहन नहीं कर सकते। यह सिर्फ छात्रों के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि शिक्षा प्रणाली की नींव को कमजोर करने वाला कदम है। अभियान के अंतर्गत एनएसयूआई प्रदेशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, और अन्य शिक्षण संस्थानों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में कुणाल दूबे, अथर्व श्रीवास्तव, संस्कार पांडेय, अर्जुन प्रताप सिंह, शत्रुंजय शुक्ला, अभिषेक अडाणी, उद्देश कटारिया, पारस संगतानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### 50 लीटर तेल ...

कुल ध्रुवीय यौगिकों की सीमा 25 प्रतिशत तय की है, इससे अधिक होने पर वनस्पति तेल का उपयोग नहीं किया जा सकता। नियम के अनुसार कारोबारियों को अपने यहां जमा होने वाले यूज्ड कुकिंग ऑयल की जानकारी रूको ट्रेसिबिलिटी एप पर दर्ज करनी होगी, जिससे संबंधित संस्था उसे संग्रहित कर सके।

### साढ़े तीन करोड़ ...

पड़े-पड़े खाद की क्वालिटी भी खराब होने लगी है। दूसरी ओर खाद की बिक्री नहीं होने के कारण गोठान समितियों को भुगतान भी नहीं हो पाया है। इसके कारण वर्मी कम्पोस्ट को तैयार करने वाली स्वसहायता समूह की महिलाओं का मेहनताना भी अटका हुआ है।

### 2020 में शुरू ....

उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे गोबर की खरीदी बंद कर इसकी जिम्मा गोठान समितियों को सौंप दिया गया। इसके बाद से गोबर खरीदी से लेकर खाद बनाने और उसे बेचने का सारा काम समितियां ही करती रहीं। इसके बाद समितियों को विभाग भुगतान करता था। इसके बाद समिति अपनी राशि निकालने के बाद स्वसहायता समूह की महिलाओं को भुगतान करती थी।

### जगदलपुर में बारिश से ...

बुधवार की शाम से ही जगदलपुर सहित बस्तर के कई इलाकों में नजर आ रहा है। बारिश का दौर अगर गुरुवार को भी जारी रहा, तो मानसून को आगे बढ़ाया जा सकता है। रायपुर में मंगलवार की रात करीब चार सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा सुहेला में सात सेमी. पेंड्रा में 6, कबीरधाम में 5, हसोद, घुमका में 4, बिलासपुर, माना, मंदिर हसौद, भिलाई सहित कई शहरों में तीन से एक सेमी. तक वर्षा दर्ज की गई है। बुधवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे, मगर यहां बारिश की गतिविधि नहीं बन पाई। बारिश की वजह से मंगल-बुध की दरम्यानी रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री तक नीचे रहा, मगर दिन का पारा तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

### सरसीवां का वांटेड ....

में शिवा साहू को गिरफ्तार किया गया है। शिवा के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने छह माह पूर्व ठगी का अपराध दर्ज किया है। ठगी का अपराध दर्ज होने के बाद से शिवा पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार हो गया था। पुलिस ने उसे उसका मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर मॉल से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सरसींवा थाने की पुलिस को शिवा के नए मोबाइल नंबर की जानकारी मिली। इसके बाद सरसींवा पुलिस ने उस नंबर को सर्विलांस में डालकर ट्रेस करना शुरू किया। इस दौरान पुलिस को शिवा का नंबर रायपुर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद तेलीबांधा पुलिस ने उस नंबर को ट्रेस करते हुए शिवा को मैग्नेटो माल से खरीदारी करते गिरफ्तार किया। **क्रिप्टो में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी** : सरसींवा, रायकोना निवासी शिवा पर आरोप है कि उसने क्षेत्र के लोगों को आठ महीने में 30 प्रतिशत ब्याज देने का झांसा देकर उनकी रकम क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराने का झांसा दिया और करोड़ों रुपए बटोरे। पुलिस के अनुसार लोगों का विश्वास हासिल करने शिवा ने जिन लोगों से रकम निवेश कराया था, उन्हें ब्याज सहित रकम भी लौटाया। **ठगी की रकम से लग्जरी वाहन के साथ कृषि भूमि** : सरसींवा थाने की पुलिस के मुताबिक शिवा के अलग-अलग बैंक में जमा छह करोड़ 40 लाख रुपए फ्रीज कराए गए हैं। पुलिस के अनुसार शिवा ने ठगी की रकम से 25 लग्जरी चारपहिया वाहन खरीदने के साथ 30 एकड़ कृषि भूमि खरीदी की है। शिवा की पुलिस ने अब तक 13 करोड़ड 57 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है।

# डकैती के पूर्व धरे गए नाबालिग सहित तीन, फरार साथियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा थाने की पुलिस ने डकैती डालने की योजना बना रहे एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में दो सगे भाई शामिल हैं। गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस अन्य बदमाशों को गिरफ्तार करने पहुंची, तो वे अपने घर पर ताला लगाकर फरार हो गए थे। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात की है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने कटर मशीन, हथौड़ा, पेचकस, चाकू तथा अन्य हथियार जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक डकैती की योजना बनाने के आरोप में मंदिर हसौद, चंदखुरी निवासी हेमलाल तथा उसका छोटा भाई हेमराज घृतलहरे तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। हरी, धन्ना तथा शिवा देवार फरार हैं। पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग पार्टी को देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि पचेड़ा स्थित कृषि उपज मंडी के पास माल वाहक वाहन पिकअप सीजी 04 एनटी 7754 में छह संदिग्ध लोग हथियार के साथ लैस हैं।



### सायरन की आवाज सुनकर भागने में कामयाब हुए बदमाश

बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी सायरन बजाते हुए जैसे ही पहुंची, पिकअप सवार तीन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश भाग पाते, इसके पहले पेट्रोलिंग पार्टी ने उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया।

### बड़े किसान के घर डकैती डालने की योजना थी

पुलिस के अनुसार डकैती की योजना बनाते धरे गए बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पचेड़ा में एक बड़े किसान के घर की रैकी की थी। इसके बाद उस किसान के घर में डकैती डालने के लिए हथियार से लैस होकर निकले थे। बदमाश अपनी मंशा में कामयाब होते, इसके पूर्व दबोचे गए।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता/ भूमि स्वामी शत्रुघन, किरण कुमार, दीप नारायण तीनो पिता-सालिक राम निवासी- जनसत्ता प्रेस के सामने गली नंबर 03, आदर्श नगर मोवा, सड्डू रायपुर छ.ग. वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम पोड़ प.ह.नं. - 156/29 रा.नि.मं. - नवापारा तहसील अभनपुर व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-231/1 रकबा 0.17 हेक्टेयर भूमि के द्वारा से क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। मात्र उक्त वर्णित भूमि बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय- विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन, साहूकार, सार्वजनिक, अर्द्धसार्वजनिक संस्था, कंपनी, बैंक इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा म्याद बाद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 19 JUN 2024

भवदीय
**के.के. चंद्राकर, कु. अरूणा मिश्रा**
**अधिवक्तागण**
**गांधी उद्यान के सामने नगर निगम रोड बीरगांव जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9753871812**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता / भूमि स्वामी तेज कुमार, रजनी, रंजिता तीनो पिता-जयपाल सिंह पैकरा निवासी-तेलीबांधा तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद छ.ग. वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं.-02 रा.नि.मं. - खल्लारी, तहसील बागबाहरा व जिला महासमुंद छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर - 117 / 1, 117/2, 117/3, 117/7, 117/6, 117/4, 117/5, 118, 122/1, 122/2, कुल खसरा संख्या 10 कुल रकबा 4.51 हेक्टेयर भूमि के द्वारा आम मुख्तयार अहिल्या पैकरा पति- टी. आर. पैकरा निवासी-वार्ड नंबर 58 उरला दामाद पारा टोल टैक्स के पास जिला दुर्ग छ.ग. वाले के माध्यम से क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। मात्र उक्त वर्णित भूमि बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय- विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन, साहूकार, सार्वजनिक, अर्द्धसार्वजनिक संस्था, कंपनी, बैंक इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा म्याद बाद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 19 JUN 2024

भवदीय
**के.के. चंद्राकर, कु. अरूणा मिश्रा**
**अधिवक्तागण**
**गांधी उद्यान के सामने नगर निगम रोड बीरगांव जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9753871812**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता / भूमि स्वामी भूनेश्वरी साहू पति भूषण साहू निवासी ग्राम टीला तोरला नयापारा तहसील अभनपुर नयापारा जिला रायपुर छ.ग. वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम टीला, प.ह.नं.-07 रा.नि.मं. तोरला, तहसील अभनपुर-नयापारा व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 956, 1017 कुल खसरा संख्या 2 कुल रकबा 0.16 हेक्टेयर भूमि के द्वारा से क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। मात्र उक्त वर्णित भूमि बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय- विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन, साहूकार, सार्वजनिक, अर्द्धसार्वजनिक संस्था, कंपनी, बैंक इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा म्याद बाद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 19 JUN 2024

भवदीय
**के.के. चंद्राकर, कु. अरूणा मिश्रा**
**अधिवक्तागण**
**गांधी उद्यान के सामने नगर निगम रोड बीरगांव जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9753871812**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - 18, तहसील व जिला - रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक - 19/06/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- दतरेंगा प.ह.न.- 84 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग.में आवेदक गोपाल ध्रुव पिता तेजूराम सा.देह द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 73/1, 73/2 रकबा क्रमशः 0.372 का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र क्र.अ-12 वर्ष- आदेश दिनांक- 11/06/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक- 27/06/2024 को समय 3:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. 18. कांदुल रायपुर-18**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2023-24**
**सारागांव दिनांक 14/06/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक पुनउ राम निषाद पिता पुलुराम निषाद निवासी नगरगांव तहसील धरसीवा जिला रायपुर द्वारा नाम सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम नगरगांव, प.ह.न. 15 उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 18, 20, 618, 761, 789 रकबा 0.0690, 0.0650, 0.0650, 0.0730, 0.0080 हे. कुल रकबा 0.2800 हे. भूमि जगत, पुनउ वो. संतोष कुमार पिता पुनु के नाम पर दर्ज है।

ग्राम नगरगांव प.ह.न. 15 स्थित भूमि खसरा नं. 9, 15, 16, 17, 19, 19, 102 रकबा 0.2020, 0. 0490, 0.0530, 0.1740, 0.0770, 0.0610 हे. कुल रकबा 0.6160 हे. भूमि स्थित है जो कि अभिलेख में तेजराम, मेखराम, कंजवंतीन पिता मनराखन, बैसाखिन पति मनराखन, कृपाराम पिता मयाराम, फेकन बाई पति मयाराम, शिवकुमार महावीर, सावित्री, सरस्वती पिता भैयाराम निषाद, राधा निषाद पति भैयाराम निषाद, जगतराम पुनउ, सतोष, जानकी बाई, शांति बाई पिता फुलुराम के नाम से चला आ रहा है। उक्त भूमि में काश्तकारी अभिलेख खातेदार पुनउ पिता फुलु और पुनु लिखा व दर्ज है। केजवतीन पिता मनराखन, कृपाराम पिता मयाराम लिखा दर्ज है। उक्त राजस्व अभिलेख में दर्ज नाम को खातेदार के आधार कार्ड के अनुसार नाम पुनउराम निषाद पिता फुलुराम निषाद, रामकृपाल निषाद पिता मयाराम निषाद, केजिया बाई पति कलाराम निषाद लिखा व दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/06/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार क्र. 43/2024 प्रो.क्र. 444 पेशी तारीख 09.07.2024

**त्रिलोक साहू वगै.** -आवेदकगण
-बनाम-
**आम जनता** -अनावेदक
**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**

जो कि आवेदकगण के मृतक पिता/पति त्रिवेणी प्रसाद साहू के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 09.07.2024 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट :- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।**

यह आज तारीख **19.06.2024** को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक 19.06.2024**

मुहर
(भूपेश कुमार बसंत)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
रायपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सतीष कुमार जैन उम्र 50 वर्ष पिता स्व. देवीचंद जैन निवासी-सी-294, शैलेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.) द्वारा अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति की देखरेख करने एवं क्रय-विक्रय करने के संबंध में एक पंजीकृत आम मुख्यारनामा दिनांक-15.09.2008 को उप-पंजीयन कार्यालय रायपुर में पु. क्र. -अ-4, ग्रंथ क्रमांक- 669 पृष्ठ क्रमांक 1 से 3 दस्तावेज क्रमांक 1290 पर दिनांक- 15 सितम्बर 2008 को विधिवत रूप से निष्पादित किया गया है। चूंकि मेरा पक्षकार अपने कार्यों से मुक्त हो चुका है इस कारण अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति की देखरेख एवं क्रय-विक्रय स्वयं करने हेतु सक्षम हो गया है। अतः मेरे पक्षकार के द्वारा आप नोटिसी के पक्ष में निष्पादित उक्त पंजीकृत आम मुख्यारनामा को एतद्द्वारा रद्द, निरस्त एवं खंडित करता है। अब आप नोटिसी उक्त आम मुख्यारनामा के आधार पर किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय-विक्रय आदि न करे, यदि आप नोटिसी के द्वारा उक्त मुख्यारनामा निरस्तीकरण के पश्चात भी किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय-विक्रय किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगा। इस आम सूचना के माध्यम से आम एवं खास को सूचित किया जाता है। कि उक्त आम मुख्यारनामा के आधार पर कोई भी व्यक्ति नरेन्द्र कुमार जैन से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन-देन न करें, यदि ऐसा किया जाता है तो उसके लिये मेरा पक्षकार किसी भी प्रकार से जवाबदार व देनदार नहीं रहेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 18.06.2024

भवदीय
**सी.पी. सोनी, अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट, रायपुर, छ.ग.**
**मो.नं.- 9584893950**

**कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24/05/2024,

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार धीवर पिता श्री सुकालू राम निवासी बोरियाखुर्द रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं.-71 राजस्व निरीक्षक मण्डल-रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 306/5 रकबा क्रमशः 4429 वर्गफुट कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 4429 वर्गफुट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20/05/2024 के परिपालन में दिनांक 20/06/2024 को समय अपरान्ह 3:00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के डूण्डा स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



जीई रोड स्थित एक मॉल में लगाई गई पेंटिंग प्रदर्शनी इन दिनों लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इस प्रदर्शनी की खासियत यह है कि इसमें हर पेंटिंग को एक नाम दिया गया है और पेंटिंग उस थीम पर ही आधारित है। छपाक इंस्टिट्यूट द्वारा मैग्नेटो माल में यह 6 दिवसीय वार्षिक कला प्रदर्शनी 'नवाअंजोरा' लगाई गई है। प्रदर्शनी 18 जून से 23 जून तक आयोजित की जाएगी।

# छिपा हुआ दर्द : लड़के भी रोते हैं, उन्हें भी बुरा लगता है चित्रकारों ने बनाई खुद की तस्वीर, बताई अपनी पीड़ा

## प्रत्येक तस्वीर को दिया गया नाम, थीम पर आधारित रही पेंटिंग

रायपुर। इंस्टिट्यूट के संचालक प्रमोद साहू ने बताया, बीते 10 वर्ष से चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य चित्रकारों को मंच देना और प्रोफेशनल पेंटिंग की कला से अवगत कराना है। प्रदर्शनी में 25 ऑइल पेंटिंग और चारकोल पेंटिंग लगाई गई है। प्रदर्शनी में चित्रकारों ने अपनी ही तस्वीर लोगों के समक्ष प्रस्तुत की है, प्रत्येक पेंटिंग का अलग अर्थ है। जिसमें चित्रकारों ने अपने जीवन संबंधित समस्या एवं अपनी भावनाओं को पेंटिंग में उकेरा है। प्रदर्शनी के दौरान 5-12 साल के बच्चों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को टॉप-8 पेंटिंग की जानकारी और बनाने की कला बताई जाएगी। इसमें ऑल इंडिया टॉप-4 पेंटिंग व टॉप -4 वेस्टर्न पेंटिंग की जानकारी दी जाएगी।







### लॉकडाउन में दो माह की मेहनत से बनाई तस्वीर

*चित्रकार कुणाल साहू ने बताया, बचपन से चित्र बनाने की इच्छा रही लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन में शुरुआत की। 2 माह की मेहनत के बाद पेंटिंग तैयार की, यह मेरी पहली ऑइल पेंटिंग है। जिसका थीम 'हिडन पेन' है। समाज में लड़कों का छवि अलग है। लोगों के अनुसार लड़के रोते नहीं है, उन्हें बुरा नहीं लगता। लेकिन लड़के अकेले होने पर रोते भी हैं और उन्हें बुरा भी लगता है। किसी व्यक्ति का भाव उसकी आंखों से समझा जा सकता है। जिसे मैंने अपनी पेंटिंग में पट्टी लगाकर छिपा दिया है।*

### मन की अच्छाई और बुराई को स्वीकारें



प्रियंका रायजादा ने दो तस्वीर बनाई हैं। पहली तस्वीर में प्रियंका ने खुद की तस्वीर बनाई है, जिसमें वह हल्की धूप और छांव के साथ दिख रही है। प्रियंका ने बताया, रोशनी के बाद अंधेरा आता है, धूप के साथ छांव आता है, उसी प्रकार जीवन में अच्छे और बुरे दिन भी देखने को मिलते हैं। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ ना कुछ बुराई और अच्छाई होती है। मैंने अपने मन की अच्छाई और बुराई को स्वीकार किया है, यह मेरे चित्र में देखने को मिलेगा। दूसरी तस्वीर का थीम ब्रिथ है, जिसमें वे व्यक्ति को सांस लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इस तस्वीर को दो खंड में विभाजित किया गया है, जिसके ऊपरी सतह पर रोबोट और अंदर हंसता हुआ व्यक्ति देखने को मिल रहा है। प्रियंका ने बताया, वर्तमान में व्यक्ति खुद को खोता जा रहा है। जिससे वह एक कठपुतली बन गया है। आप हमेशा खुद के लिए जिएं और वो काम करें, जिसमें आपको खुशी मिलती है।

### अपने डर को स्वीकारें

जब व्यक्ति अपने डर को स्वीकार कर ले तो उसे सभी चीजें असान लगने लग जाती है। व्यक्ति को अपने डर का सामना करना चाहिए और बिना डरे आगे बढ़ते रहना चाहिए। यह कहना है हिरेन्द्र सिन्हा का, जिन्होंने अपने डर को अपनी ताकत माना है। चित्रकार ने बताया, मुझे रंगीन पेंटिंग करने से डर लगता था। लेकिन बहुत हिम्मत के बाद मैंने अपने डर पर काबू पाया और यह तस्वीर बनाई जिसकी थीम ही स्वीकार है।



### 'चोला माटी के' थीम पर पेंटिंग, मिट्टी का दिखाया दर्द

मिट्टी किसान से कहती है, जब तुम्हें मेरी जरुरत होती है, तब तुम मुझे पानी देते हो और फसल लगाते हो। काम होने के बाद तुम मुझे भूल जाते हो। यह दर्द चित्रकार रुपेंद्र साहू ने पेश किया। उन्होंने अपने चित्र में मिट्टी और किसान के संवाद को दिखाने की कोशिश की है। उनके द्वारा बनाई गई तस्वीर में चेहरे के आधे हिस्से में मिट्टी लगी है, जो एक ऑइलपेंटिंग है। 'चोला माटी के' पेंटिंग देखने में आकर्षक लग रही, जिसे बनाने के लिए चित्रकार ने अपने ही चहरे पर मिट्टी लगाकर फोटो खिंचावाई, इसके बाद इस पेंटिंग को तैयार किया।



---

**आराधना**

# अघोर महोत्सव कल से, शक्ति योग ध्यान संग होगा योनि कुंड हवन



**रायपुर।** शहर में 21 जून से अघोर महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 25 जून तक यह अघोर महोत्सव चलेगा। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित मनसा तालाब के पास सिमरान समाज अघोरपीठ श्री धाम सुमेरूमठ में यह आयोजन होगा। इसमें शक्ति योग ध्यान संग योनि कुंड हवन और श्री यज्ञ साधना की जाएगी। तड़के 4 बजे से इसकी शुरुआत होगी। पारद निर्मित शिवलिंग का अभिषेक प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रारंभ होगा। भोग-प्रसाद वितरण सुबह, दोपहर और रात्रि में किया जाएगा। अघोर पीठाधीश रुद्रानंद प्रचंड इसमें शामिल होंगे। धरती माता के रजस्वला काल में स्वास्थ्य, समृद्धि, संपन्नता और बल की प्राप्ति के लिए यह यज्ञ किया जा रहा है। आमजन भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

### 1000 परिजन को निमंत्रण महोत्सव में देंगे योगदान

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा कराए जा रहे आयोजन में गायत्री परिवार पूर्ण रूप से अपनी भागीदारी निभाएगा। इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में ट्रस्ट की बैठक हुई। यहां गायत्री परिवार द्वारा 1000 से ऊपर की संख्या में गायत्री परिजनों को साइंस कॉलेज मैदान पहुंचकर योग में भाग देने के मुद्दे पर चर्चा हुई। इसके लिए 1000 से ऊपर परिजनों की सूची भी बनाई गई है जिन्हें चर्चा कर योग में शामिल कराया जाएगा। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने बताया, योग के क्षेत्र में गायत्री परिवार ने विश्व स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। आने वाले समय में पूरा विश्व योग को अपनाएगा और योग के शक्ति को जानने लगेगा इसलिए हर व्यक्ति को योग अवश्य ही करना चाहिए। अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के विश्वविद्यालय में पढ़ाई करके हजारों छात्र योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

**एजूकेशन अपडेट**

# अधिकारी अब बनेंगे गरीब बच्चों के मेंटॉर शिक्षा में भेदभाव की करेंगे निगरानी





**रायपुर।** प्रदेश के अधिकारी अब गरीब बच्चों के मेंटॉर बनेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में सभी जिला कलेक्टर को आदेश जारी किया गया है। इसके तहत अब अधिकारी इस बात की निगरानी करेंगे कि आरटीई के जरिए निजी स्कूलों में प्रवेश प्राप्त करने वाले बच्चों को किसी तरह के भेदभाव का सामना ना करना पड़े। खत के माध्यम से समस्त जिला कलेक्टरों को निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए उसके सफल कियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस वर्ष अब तक 42 हजार 53 बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। जिलावार प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची भी संलग्न की गई है। खत में कहा गया है कि सत्र 2020-21 में 10 हजार 427, सत्र 2021-22 में 18 हजार 399 तथा सत्र 2022-23 में 24 हजार 478 विद्यार्थी प्रवेश उपरांत नवीन विद्यालय के वातावरण से सामंजस्य स्थापित न कर पाने तथा विभिन्न कारणों से शाला का त्याग कर ड्रॉपआउट हो गए हैं। राज्य में आरटीई के अंतर्गत लगभग 3 लाख 36 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें से प्रति वर्ष इतनी बढ़ी संख्या में विद्यार्थियों का ड्रॉपआउट होना तथा ड्रॉपआउट में उत्तरोत्तर वृध्दि चिंता का विषय है।

**स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर को जारी किया गया आदेश**

### अकादमिक रुचि रखने वाले अधिकारियों का चयन

स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, विद्यार्थियों एवं पालकों को सतत प्रेरित करने, सहायता प्रदान करने तथा पालक, स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन के मध्य समन्वय कर विद्यार्थी को उसकी शिक्षा निरंतर रखने में आने वाले अवरोधों को दूर किए जाने के लिए मेंटॉर नियुक्त किए जाने की महती आवश्यकता है। अपने जिले के अकादमिक रूचि रखने वाले तथा स्वप्रेरित अधिकारियों को मेंटॉर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। मेंटॉर गरीब बच्चों को आबंटित विद्यालयों में आरटीई के अंतर्गत प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करेंगे।

### पालकों से रहेंगे नियमित संपर्क में

मेंटॉर आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों और उनके पालकों से संपर्क में रहेंगे। उन्हें विद्यालय में कोई समस्या आती है तो उसे हल करने की दिशा में कार्य करेंगे। यदि विद्यार्थी विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होता है तो पालक एवं विद्यार्थी को प्रेरित कर नियमित उपस्थिति की दिशा में कार्य करेंगे। मेंटॉर पालकों एवं विद्यालय से समन्वय स्थापित कर यह प्रयास करेंगे कि विद्यार्थी ड्रॉप आउट न हो। मेंटॉर यह भी सुनिश्चित करेंगे कि शाला के समान्य विद्यार्थी एवं आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के मध्य शाला प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार की असमानता का व्यवहार न किया जा रहा हो। इस बात की भी मॉनिटरिंग की जाएगी कि अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाली समस्त सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध हो।

---

# राजधानी में राजपाल... साझा किए निजी अनुभव, फूल लेकर पहुंचे नन्हे बच्चे

**रायपुर।** बॉलीवुड कलाकार राजपाल यादव बुधवार को शहर पहुंचे रहे। वे एक रियट स्टेट एक्सपो में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। एक्सपो में पहुंचे लोगों में राजपाल संग तस्वीरे खिंचवाने और सेल्फी लेने को लेकर दीवानगी देखी गई। छोटे बच्चे भी फूल लेकर उनसे मिलने पहुंचे रहे। यहां बातचीत में उन्होंने अपने निजी जीवन के किस्से और अनुभव साझा किए। राजपाल यादव के साथ कॉमेडियन मुबीन सौदागर भी शहर पहुंचे रहे।



सीबीट्स रियल एस्टेट द्वारा दुबई-100 एक्सपो रखा गया था। इस एक्सपो में दुबई के रियल एस्टेट के संदर्भ में जानकारी साझा की गई। वीआईपी क्लब में रखे गए इस आयोजन में 300 से अधिक राजधानीवासी शामिल हुए। इनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआई, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस आयोजन के जरिए मनोरंजन, नेटवर्किंग और बेजोड़ निवेश अवसरों के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया। दुबई के प्रमुख बिल्डरों ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अपनी रचनात्मक अवधारणाओं को दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया।

### बेली नृत्य ने मोहा

शाम को आकर्षक लाइव बेली डांस प्रदर्शित किया गया। इसमें शामिल कलाकारों ने अद्भुत नृत्यकला का प्रदर्शन किया। सीबीट्स रियल एस्टेट एलएलसी के संस्थापक और एमडी रिंकू कुमार ने कहा, एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इस साल 6,700 से अधिक करोड़पति संयुक्त अरब अमीरात को अपना निवास बना लेंगे। एक्सपो में बाय-बैक गारंटी, उच्च संपत्ति प्रशंसा, गोल्डन वीजा लाभ और कर-मुक्त आय के बारे में भी जानकारी दी गई।

# जूनियर मिस इंडिया के लिए शहर में ऑडिशन 23 को

**रायपुर।** जूनियर मिस इंडिया सीजन-3 के लिए ऑडिशन 23 जून को पंडरी स्थित सिटी सेंटर मॉल में आयोजित है। माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि अपने 2 सीजन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात अब जूनियर मिस इंडिया की टीम द्वारा सीजन-3 के तहत 20 से अधिक राज्यों में पहुंच कर इंडिया की अगली सुपरस्टार खोजने में जुट गए हैं। यह देश का सबसे बड़ा किड्स फैशन शो है, जहां चयनित प्रतिभागियों को सेलिब्रिटी ट्रेनर्स द्वारा विशेष रूप से डिजाइन्ड मॉडलिंग ट्रेनिंग और ग्रूमिंग दी जाएगी। बच्चों का फैशन इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स द्वारा विशेष निगरानी में प्रोफेशनल शूट करवाया जाएगा जिससे मॉडलिंग क्षेत्र में आगे बढ़ने के इकछुक प्रतिभागियों का बेसिक क्लीयर रहे। शो में केवल 5 से 16 वर्ष की आयु के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। रायपुर ऑडिशन में प्रतिभागियों की रिपोर्टिंग टाइम सुबह 10:30 बजे है। टीम ने हेल्पलाइन नंबर (90049-91488 और 90045-58809)भी जारी किया है, जहां किसी भी व्यक्ति द्वारा कॉल कर कार्यक्रम की जानकारी हासिल की जा सकती है।

**20 राज्यों में हो रहे ऑडिशन, चयनित प्रतिभागियों को सेलिब्रिटी ट्रेनर्स से मिलेगी ट्रेनिंग**

---

**कार्नर न्यूज**

## 'सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस' में खो सकते हैं सुनने की क्षमता

# ईयरफोन और हेडफोन का सबसे अधिक इस्तेमाल करते हैं युवा व बच्चे इससे कान को पहुंचती है अंदरुनी क्षति, यही बन रहा बहरेपन की वजह

**रायपुर।** लोकप्रिय गायिका अलका याग्निक ने अपनी बीमारी का खुलासा करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा वायरल अटैक के कारण 'सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस' हुआ है। असान शब्दों में इसे बेहरापन कहा जा सकता है। 'सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस' कान से संबंधित बीमारी है, जो कान के अंदरुनी हिस्सा या सुनाई देने वाली नस में समस्या के कारण होती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार, कान से दिमाग तक संदेश पहुंचाने वाली नसों में क्षति की वजह से धीरे-धीरे या अचानक से किसी भी व्यक्ति की सुनने की क्षमता खो सकती है। इससे बचाव का केवल एक उपाय है, ऐसा कुछ होने पर जल्द से जल्द चिकित्सकों की सलाह लेने पर अधिक नुकसान नहीं होगा। चिकित्सकों ने इस समस्या पर गंभीरता बरतने को कहा है, वही हेडफोन या इयरफोन का उपयोग करते समय आवाज का स्तर कम रखेने की सलाह दी है। चिकित्सकों के मुताबिक, लंबे समय तक अधिक शोर वाले स्थानों में ना रहें और नियमित रुप से हेडफोन और ईयरफोन का उपयोग करें।



### 24 से 72 घंटे के भीतर पहुंचे डॉक्टर के पास

डॉ. अशोक बजाज के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को अचानक से सुनने में समस्या आए तो इसके दो कारण हो सकते हैं। पहला नवाईस ट्रॉमा और दूसरा वायरल इंफेक्शन। जब व्यक्ति जरुरत से अधिक ध्वनि वाले स्थान पर हो तो उसे नवाईस ट्रॉमा हो सकता है। कान के हेयर सेन, ब्रेन में डेमेज होने पर यह समस्या हो सकती है। सुनने में समस्या होने पर 24 से 72 घंटे के अंदर इलाज शुरु करना बेहतर होता है। इससे नुकसान होने पर रिकवर किया जा सकता है।

### अधिक समय तक हेडफोन या ईयरफोन का उपयोग करने से बचें

*आयुर्वेदिक अस्पताल से डॉ.जगदीश मिश्रा ने बताया, प्रकृति द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को नियमित सुनने की क्षमता दी गई है। इसमें 20 एचजेड से 20000 एचजेड तक समान्य ऑडियो साउंड प्रत्येक व्यक्ति के पास होता है। इससे कम और इससे ज्यादा साउंड नहीं सुनना चाहिए। अगर आप लंबे समय तक हेडफोन या ईयरफोन का उपयोग करेंगे तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।*

### खतरनाक है कान में सीटी की आवाज



डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया, ध्वनि प्रदूषण किसी भी वर्ग के व्यक्ति के लिए उचित नहीं है। जब आप किसी शोर वाले स्थान पर गए, तब कान में सीटी की आवाज, सुनाई देने में कमी, चक्कर-उल्टी आना, सिर में भारीपन की समस्या होने पर आपको चिकित्सकों से चर्चा करने की आवश्यकता है। यह लक्षण बीमारी के दौरान देखने को मिलते हैं, जिससे बचाव के लिए 24 घंटों के भीतर इलाज जरुरी है। शहर में इस प्रकार की समस्या आए दिन देखने को मिलती है, जो त्यौहार, उत्सव और डीजे वाले कार्यक्रमों के बाद होता है। जिसके कारण मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। बच्चे और बुजुर्गों को अधिक ध्वनि प्रदूषण वाले स्थानों पर जाने से परहेज करना चाहिए। लंबे समय तक ज्यादा शोर के बीच रहने से यह समस्या होती है।

समाज लाइव

## शादी में फिजूलखर्ची पर रोक लगाएगा कुनबी समाज



**रायपुर।** वृंदावन हॉल में कुनबी समाज का महापंचायत रखा गया। मुख्यतिथि विधायक मोतीलाल साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा, संस्कार, रोजगार व आपसी सहयोग से ही समाज का विकास का संभव है। इसकी शुरुआत कुछ कर्मठ लोगों से होती है, जनजागृति से समाज को सही दिशा मिलती है एवं धीरे-धीरे लोग इससे जुड़ते चले जाते हैं। इसके परिणाम से एक विकासशील समाज की रचना होती है। कुनबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत मुनेश्वर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज के लोगों से कहा कि बदलते समय को ध्यान में रखते हुए सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों से दूर रहते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों की व्यवस्था

प्रदेश सचिव अमित डोये ने बताया कि वार्षिक महापंचायत कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष व कार्यकारिणी समिति के सदस्य उपस्थित थे। प्रत्येक जिलाध्यक्ष द्वारा जिले में हो रहे सामाजिक कार्य जैसे-समाजिक भवन की स्थिति, आने वाले समय में आयोजित किये जाने वाले सामाजिक कार्यक्रम, गृह उद्योग, महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, स्वास्थ शिविर, वृक्षारोपण, जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरण व छात्रावास की व्यवस्था से अवगत कराया गया एवं जो कमियां रह गई उसकी भी जानकारी दी गई। प्रदेश महिला अध्यक्ष सारिका गेडेकर ने बताया, विवाह व अन्य कार्यक्रमों में होने वाले फिजूल खर्च को नियंत्रित करने कहा गया।

कैंपस इवेंट

## भारतीय विरासत के मूल्यों को समझना छात्रों के लिए अहम



**रायपुर।** शासकीय देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीके गोयल ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का केंद्र बिन्दु बहुविषयकता और समग्र शिक्षा है। एनईपी का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच प्रदान करके, नवाचार को बढ़ावा देना और समग्र विकास को बढ़ावा देकर शिक्षा प्रणाली को बदलना है। महाविद्यालय प्रकोष्ठ की एनईपी संयोजक डॉ.कविता शर्मा द्वारा इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी महाविद्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को प्रदान की गई।

### कॉलेजों में बनाए गए हेल्प डेस्क

विशेषज्ञों ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संबंधित जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर जल्द ही अपलोड कर दी जाएगी। महाविद्यालय में हेल्प डेस्क का भी निर्माण किया गया है, जहां समस्त छात्र-छात्राओं की समस्याओं एवं सवालों का निराकरण किया जाएगा। अब कोई भी विद्यार्थी अपने पसंद के विषय का चयन कर सकता है। आर्ट्स वाले विद्यार्थी साइंस और कॉमर्स का चयन कर सकते हैं। इसी प्रकार से कॉमर्स वाले आर्ट्स और साइंस का चयन कर सकते हैं। यह राष्ट्रीय नीति पूर्णतः छात्रों के लिए है इसमें छात्र भारतीय विरासत और मूल्यों की गहरी समझ के साथ-साथ आवश्यक कौशल भी हासिल करेंगे।

सिटी लाइव

## देशभर से आई खाद्य सामग्री इसमें आचार की वैरायटियां



रायपुर। भाठागांव में आयोजित डिज्नीलैंड मेले में बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का मजा ले रहे हैं, वहीं बड़े अपनी दिनचर्या से कुछ पल चुरा कर एन्जॉय कर सकते हैं। सुनामी और जायन्ट फ्रिस्बी छोटे बच्चों को अधिक लुभा रहे हैं। लोग ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं। यहां स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है, जिसमें स्वादिष्ट फूड के अनेक स्टॉल हैं। देश के कई हिस्सों से पहुंचे व्यापारियों ने यहां आचार सहित अन्य खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए हैं, जिसे लोग पसंद कर रहे हैं। इस बार मेले को खास लुक दिया गया है। आयोजन में क्राफ्ट बाजार का एक अलग ही सेक्शन है, जहां देशभर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाइफ स्टाइल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है।

### विशेष वाहन में ले जाई जाएंगी मछलियां

इस मेले में 80 फीट के टनलनुमा एक्वेरियम में 45 प्रजाति की 15000 से ज्यादा रंग-बिरंगी मछलियां हैं। छः हजार वर्गफीट में तैयार इस एक्वेरियम में 25 छोटे एक्वेरियम भी हैं, जिसमें अलग अलग तरह की मछलियां रखी गई हैं। यहां 4 टनल बने है जिसमे से गुजरने पर कई तरह की मछलियां दिखती हैं, जिसमें विडो, जेबरा, शॉर्क, पिरान्हा, ऑस्कर, येरापोमा, एलीगेटर गार, पुली वागा, गोरामी, शकरा, टिनफ़ोइल, एंजेल, कोईकॉर्प आदि प्रमुख हैं। मेले की अंतिम तिथि 30 जून है। इसके बाद मछलियों को विशेष वाहन में वापस ले जाया जाएगा।

● नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल कैडेट्स और प्रशिक्षक सम्मानित

# अनुशासन, साहस व निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है एनसीसी, लड़कियों की बढ़ी है भागीदारी

मुख्यमंत्री निवास में एनसीसी कैडेट और प्रशिक्षकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीसीसी द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षुओं और कैडेट को सम्मानित किया।



### कैडेट का चयनित होना पूरे राज्य के लिए उपलब्धि

अतिथियों ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल एनसीसी के अधिकारियों और कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा, यह बड़े ही गौरव का क्षण है। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर राज्य के एनसीसी कैडेट्स को परेड करते हुए देखना बड़ा ही सुखद होता है। गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्य के किसी कैडेट का चयनित होना न सिर्फ उस कैडेट के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। एनसीसी का ध्येय वाक्य ही 'एकता और अनुशासन' है। इसी पर चलते हुए एनसीसी ने राष्ट्र प्रेम को सींचा है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया है। बहुत खुशी की बात है कि एनसीसी में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ रही है।



**रायपुर।** सम्मान समारोह के अंत में कैडेट्स द्वारा बैगा जनजाति पर आधारित नृत्य और कुचीपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, एनसीसी ऐसा संगठन है जो युवाओं को अनुशासन सिखाता है, चरित्र निर्माण करता है, साहसी बनता है और निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है।

नेशनल लेवल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नौ सेना, थल सेना और वायु सेना कैडेट को भी मिला पुरस्कार



एनसीसी हमारे युवाओं को सेना और अन्य सुरक्षा बलों में अपना कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, भावना बोहरा, डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, एडीजी मेजर जनरल एके महाजन, एनसीसी मुख्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वीएस चैहान सहित सेना के अधिकारी और कैडेट मौजूद रहे।

### 25 में से 4 महिला कैंडिडेट छग से

एनसीसी के अधिकारियों ने एनसीसी रायपुर ग्रुप के उपलब्धियां की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह देश का सबसे बड़ा एनसीसी ग्रुप है, जिसमें 16 यूनिट संचालित है। एनसीसी रायपुर ग्रुप में 342 शैक्षणिक संस्थान संबद्ध है। इसमें तकरीबन 23 हजार स्टूडेंट्स हैं, जिसमें 43 प्रतिशत लड़कियां हैं। इस वर्ष 2024 के रिपब्लिक डे परेड के के बारे में उन्होंने बताया, इसमें 25 महिला कैडेट्स ने हिस्सा लिया था, जिसमें चार कैडेट छत्तीसगढ़ की थी, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। साथ ही उन्होंने एनसीसी रायपुर ग्रुप द्वारा संचालित गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### भाव-भंगिमाओं ने बटोरी तालियां

सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान खींचा। कुचीपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति पारंपरिक वेशभूषा में दी गई। चेहरे की भाव-भंगिमाओं और सधे हुए कदमों ने सभी की तालियां बटोरी। इसके अलावा बैगा जनजाति पर आधारित नृत्य में प्रदेश की संस्कृति को दर्शाया गया।

टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम में दिए गए टिप्स

## जिस तरह ट्रेन शुरुआत में धीमी रहती है उसी तरह क्रमशः बढ़ाएं पढ़ाई का फ्लो

**रायपुर।** क्लास रूम में 40 मिनट की क्लास में शिक्षक को एक ट्रेन की तरह पढ़ाना चाहिए। जैसे स्टेशन छूटने के समय ट्रेन की गति कम होती है। तीन-चार मिनट के बाद स्पीड बढ़ती है और वह एक फ्लो में चलती है। इसी समय यात्रियों को सफर में ज्यादा आनंद आता है। अगला स्टेशन आने के पहले ट्रेन अपनी स्पीड धीरे-धीरे कम करती है। ठीक ऐसा ही शिक्षक को अपने क्लास रूप में पढ़ाना चाहिए। पहले पांच मिनट पिछली क्लास का रिवीजन, फिर 35 मिनट एक फ्लो में पढ़ाई और फिर आखिरी में पांच मिनट आज की पढ़ाई का रिवीजन। उस 35 मिनट की फ्लो वाली पढ़ाई ही बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और जीवन में सफल बनाती है। उक्त बातें मोटिवेशन स्पीकर डॉ. मुकेश शाह ने टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान संत ज्ञानेश्वर स्कूल की शिक्षिकाओं से कही।



### सभी छात्रों पर होनी चाहिए नजर

विशेषज्ञों ने कहा, क्लास रूम में आपके आने से लेकर वापस जाने तक आपका व्यवहार सकारात्मक होना चाहिए। प्रवेश के समय बच्चों को गुड मार्निंग विश करने और उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा होना चाहिए। आपको क्लास रूम में पढ़ाने के समय राउंड जरूर लेना चाहिए। आप उस स्थान पर खड़े होकर पढ़ाएं, जहां से आपकी नजर सभी बच्चों पर होनी चाहिए। फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ्स, कॉमर्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बारे में अगर आपका लेक्चर हो तो यह बेहद जरूरी है कि आप क्लास के कार्नर पर खड़े होकर पढ़ाएं, ताकि आपका शारीरिक मूवमेंट न हो, सिर्फ नजरों के मूवमेंट से आप सभी पर नजर रख सकें। ऐसा करने से बच्चों का ध्यान आप पर केंद्रीत होगा। बच्चों को लगेगा सर मुझे ही देख रहे हैं।

### इन बातों का ध्यान रखें

- हमेशा विद्यार्थियों से सकारात्मक बातें ही करें।
- सबके सामने विद्यार्थियों की तारीफ करें और अकेले में उसे उसकी कमियां बताएं।
- प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष गुण होता है, उस विशेष गुण की तारीफ न करें।
- यह स्वीकार करें कि सारे विद्यार्थी अव्वल नहीं आ सकते। पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए भी मन में समानता का भाव होना चाहिए।
- बच्चों का मानसिक सहयोग भी करें ताकि बच्चों में पढ़ाई को लेकर हमेशा सकारात्मक भावना बनी रहे।

### बच्चों के लिए बनाएं चार्ट

डॉ. शाह ने कहा कि आपकी क्लास में सारे बच्चें एक कैटेगिरी के नहीं हो सकते। कुछ बच्चे पढ़ाई में अच्छे होंगे, तो कुछ खेलकूद, ड्राइंग, पेटिंग और अन्य एक्टिविटी में बेहतर होंगे। ऐसे में आपको सभी बच्चों का एक चार्ट बनाना चाहिए। कुछ कैटेगिरी तय करनी चाहिए, जैसे पढ़ाई, खेलकूद, जनरल नॉलेज, स्पीच आदि। फिर जो बच्चा किसी विषय में अच्छा नहीं है, तो उन्हें मार्क करिए। फिर क्रमशः प्रतिदिन उसमें सुधार लाने के लिए समय दीजिए। ऐसा करने से बच्चों में सुधार आएगा। आमतौर पर एक क्लास में 35 से 40 बच्चे होते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि आपको हर एक बच्चे का नाम याद हो। आप बच्चों को उनके नाम से बुलाएं। जब आप बच्चों को उनके नाम से बुलाएंगे तो वह आप से जुड़ पाएंगे।

## परिवहन उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा एक सितंबर को

### सिविल जज के लिए 25 अगस्त को पर्चे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा दो मुख्य भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया है। जारी शेड्यूल के अनुसार, परिवहन विभाग के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा एक सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन 18 अगस्त 2023 को जारी किया गया था। उप निरीक्षक के 15 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती की जाएगी। इस परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे। पहला प्रश्नपत्र छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित होगा जबकि दूसरा प्रश्नपत्र विषय संबंधित होगा। सिलेबस तथा परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके लिए परीक्षा केंद्र मात्र रायपुर में ही बनाया जाएगा।

पीएससी ने जारी किया दो मुख्य भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल

### रायपुर और बिलासपुर में केंद्र

व्यवहार न्यायाधीश के लिए रायपुर के साथ ही बिलासपुर में भी सेंटर बनाए जाएंगे। यह परीक्षा 25 अगस्त को आयोजित होगी। परीक्षा मात्र एक पाली में होगी। प्रवेश पत्र परीक्षा के दस दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। किसी भी अभ्यर्थी को पृथक रूप से प्रवेशपत्र नहीं भेजे जाएंगे। पीएससी की वेबसाइट से इसे डाउनलोड करना होगा। किसी तरह की समस्या होने पर पीएससी से कैंडिडेट्स संपर्क कर सकते हैं।

राजधानी के बाजार में पैराशूट कपड़े से तैयार मुंबइया छतरी

# महिलाओं के लिए सजा रंग-बिरंगी छातों का बाजार दो से तीन फोल्ड होने के कारण बैग में रखना आसान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बूंदाबांदी का दौर शुरू होने के साथ ही बाजार में रंग-बिरंगी छतरी की कतारें भी दुकानों के सामने सजने लगी हैं। मुंबई की तर्ज पर पैराशूट के कपड़े से तैयार की गई छतरी को खरीदने में भी महिलाएं रुचि ले रही हैं। वजह है कि छाता लेकर बच्चों को आस-पास स्थित स्कूल पहुंचाने और लाने में आसानी होगी। महिलाएं इसे फैशन के अलावा सुविधा के लिहाज से भी खरीद रही हैं। दो व तीन फोल्ड में बैग में रखने लायक 8 व 12 डंडियों वाले छाते को खास तौर से डिजाइन करके और बेहतर किया है। इसे कामकाजी महिलाएं ज्यादा पसंद कर रही हैं। वजह है इस छतरी को वे उपयोग करने के बाद वापस हैंडबैग में भी आसानी से रख सकती हैं। सामान्य छाते का इस्तेमाल करने से उसे संभालना आसान नहीं होता है। पैदल ऑफिस आने-जाने वाली महिलाएं भी मुंबइया डिजाइन में तैयार की गई छतरी को पसंद कर रही हैं।



### आसानी से कर सकते हैं फोल्ड

दुकान संचालक विनोद साहू व ऋषि अग्रवाल ने बताया कि बरसात शुरू होने से पहले ही छतरी व रेनकोट की पूछ-परख बढ़ जाती है। इस बार महिलाएं दो व तीन फोल्ड में खुलने व बंद होने वाली मुंबई की छतरी को ज्यादा खरीद रही है। कम रेंज में बेहतर सुविधा के साथ आकर्षक रंगों में छतरी मिलने से पसंद कर रही हैं। बच्चों को स्कूल छोड़ने या जॉब करने वाली महिलाओं को ज्यादा रास आ रहा है। छोटी छतरी को वे बैग में रख सकती हैं। इस लिहाज से भी महिलाएं इन्हें खरीद रही है।

### ऑफिस ले जाने के लिए बेहतर

शहर में ज्यादातर महिलाएं अभी भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट व ऑटो-रिक्शा से ऑफिस आना-जाना करती हैं। स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राएं भी दो व तीन फोल्ड में खुलने व बंद होने वाली छतरी खरीद रही हैं। इसे बैग में आसानी से रखा जा सकता है। इससे कहीं पर गुम होने या यूं कहें कि भूलने की गुंजाइश भी कम है। सुविधा को देखते हुए पैदल बस स्टॉपेज, ऑटो स्टैंड तक आने-जाने के लिए भी महिलाएं व छात्राएं 130 से 450 रुपए की सामान्य रेंज में छतरी मिलने से खरीद रही हैं। स्कूली बच्चों के लिए भी आकर्षक छतरी की कई वैरायटी बाजार में मिलने लगी है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच 21 से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 08 मई से प्रांरभ किया गया, जिसके लीग मैच 31 मई को समाप्त हुये। उक्त टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 10 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच 21 जून से खेले जायेंगें। पहला सेमी फाइनल-बिलासपुर एवं भिलाई के मध्य 21 से 24 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला जायेगा। दूसरा सेमी फाइनल प्लेट कंबाइंड एवं महासमुंद के मध्य 21 से 24 जून को सेक्टर 10 ग्रांउड, भिलाई में खेला जाएगा।

### मार्लबोरो कप में राजगोपालन करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** भिलाई के कृष्ण मूर्ति राजगोपालन



अय्यर का चयन इंग्लैंड में 21 जून से 2 जुलाई तक आयोजित अंतराष्ट्रीय मार्लबोरो कप (50 वर्ष आयु समूह) क्रिकेट स्पर्धा हेतु भारतीय टीम में किया गया है। स्पर्धा में भारत के अलावा इंग्लैंड, वेल्स और आस्ट्रेलिया जैसे देशों की क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि राजगोपालन ने वर्ष 1992 से 2000 तक प्रथम श्रेणी की रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में अविभाजित मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है।

### राजपूत बनें बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के बास्केटबाल



खिलाड़ी ओर वर्तमान के (ए ग्रेड ) निर्णायक उभरते रेफरी परसरामन राजपूत ने अंतरराष्ट्रीय निर्णायक बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा अपना नाम दर्ज कर लिया है। उन्होंने 2024 से 2028 तक का टेस्ट पास कर लिया है। वे पिछले 14 वर्षों से राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते आ रहे है। इनमें सीनियर नेशनल, खेलो इंडिया ,नेशनल गेम्स एवम ओलंपिक गेम्स शामिल हैं। बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर अंडर-19 बैडमिन्टन के लिए चयन 22 को



**रायपुर।** बिलासपुर जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर अंडर-19 (बालक एवं बालिका) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में दिनांक 24 से 28 जुलाई तक बिलासपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इंडोर हॉल, सिविक सेंटर के बैडमिन्टन कोर्ट पर दिनांक 22 जून को सुबह 9 बजे से (दोनों वर्ग) की टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है।

### रॉक बॉल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा सीनियर नेशनल हिमाचल प्रदेश के ऊना में 28 से 30 जून तक किया जाएगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की करीब 18 टीम महिला एवं पुरुष भाग ले रही है। टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ टीम भी हिस्सा लेगी। जिसमें द रॉक बॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ टीम का चयन प्रतियोगिता कुछ दिनो पूर्व किया गया। टीम के पुरुष वर्ग में रमेश दलाई, राहुल रेड्डी, अजय कुमार, संदीप, लवेश सोनी, पी चंद्र प्रकाश, आदित्य, अनिकेत शर्मा, यू दलाई, राजवीर, ईशान, अनिकेत और महिला वर्ग टीम में सिमरन सिंह, रणदीप कौर, मिताली ठाकुर, नीलिमा देशमुख, संजना , मेनका ,गुनगुन, अमरप्रीत, आफरीन और खुशी शामिल है। स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ से ऑफिशियल के तौर पर नेशनल रेफरी नीलेश्वर साहू भाग लेंगे। टीम 26 जून को रवाना होगी। यह जानकारी द रॉक वॉल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष विनय साहू ने दी।

---

पार्श्व गायिका अल्का याज्ञनिक के मामले से जरूरी है सबक लेना

# अचानक आप हो सकते हैं बहरे जा सकती है सुनने की भी क्षमता

क्या कभी आपके कानों में पड़ने वाली आवाज धीमी हो जाती है? कोई ध्वनि हल्की सुनाई देती है या कानों में अचानक झनझनाहट महसूस होती है? या फिर एक अथवा दोनों कानों से अचानक कम सुनाई देने की शिकायत होती है। अगर ऐसी समस्या आपको या किसी जानने वाले को है तो सतर्क हो जाएं।

बॉलीवुड गायिका अलका यागिनक ने अपने सुनने की क्षमता खो दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें कान से संबंधित एक दुर्लभ बीमारी हो गई है। अपनी सुरीली आवाज से लोगों के कानों में मधुर ध्वनि पहुंचाने वाली अल्का यागिनक को सुनाई न देने की शिकायत अचानक हुई, जब वह एक फ्लाइट से यात्रा के बाद उतरीं तो उन्हें महसूस हुआ कि कुछ सुनाई नहीं दे रहा। उनके डॉक्टरों ने अल्का को दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बताया। अलका यागिनक ने अपनी पोस्ट में इस बीमारी से बचाव के लिए सलाह देते हुए लिखा, तेज आवाज में संगीत न सुनें और हेडफोन का कम इस्तेमाल करें।



### सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस क्या है

सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस कान से संबंधित बीमारी है, जो कान के अंदरूनी हिस्सा ( कोक्लिया) या सुनाई देने वाली नस (ऑडिटोरी नर्व) में समस्या के कारण होती है। पुणे के एक अस्पताल में डॉक्टर जाकिर एम खान बताते हैं, 'कान से दिमाग तक संदेश पहुंचाने वाली नसों में क्षति की वजह से धीरे-धीरे या अचानक से सुनने की क्षमता खो सकती है। इस समस्या को "सेंसेरिन्यूरल हियरिंग लॉसः भी कहते हैं।' यह हियरिंग लॉस अक्सर स्थायी होता है और इसे चिकित्सा या सर्जरी से ठीक नहीं किया जा सकता। हालांकि सही चिकित्सा और सुनाई देने वाले उपकरणों से नियंत्रित किया जा सकता है।

### बचाव के तरीके

तेज आवाज वाले स्थानों, लाउड म्यूजिक और लंबे समय तक ईयरफोन के इस्तेमाल से बचें। कानों की नियमित सफाई और संक्रमण से बचाव के उपाय करें। हेडफोन या इयरफोन का उपयोग करते समय आवाज का स्तर कम रखें और लंबे समय तक उपयोग से बचें। बुजुर्गों को नियमित रूप से कान की जांच करानी चाहिए। डॉक्टर जाकिर एम खान कहते हैं कि यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ हो सकती है, अचानक हो सकती है या फिर जन्म से ही शिशु में मौजूद हो सकती है। जिस तरह से अब लोग शोरगुल और लाउड म्यूजिक की तरफ बढ़ रहे हैं, कान की नसे क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इससे बचने के लिए समय-समय पर कान की जांच करवाते रहना चाहिए। साथ ही अचानक सेंसरी हियरिंग लॉस की शिकायत न हो इससे बचने का प्रयास करते हुए बहुत तेज आवाज या संगीत सुनने से बचना चाहिए।

### सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस के लक्षण

आवाज धुंधली और स्पष्ट न सुनाई देना उच्च आवृत्ति की आवाजें, जैसे बच्चों की आवाज, पक्षियों की चहचहाहट, या दरवाजे की घंटी सुनने में कठिनाई होती है। वार्तालाप में समस्या आती है, विशेष रूप से शोरगुल वाले स्थानों में बातचीत को समझने में कठिनाई होती है। कान बजने या कान में घंटी बजने जैसा महसूस होता है।

### बीमारी के कारक

उम्र बढ़ने के साथ कान की नसें कमजोर हो जाती हैं। लगातार तेज आवाजों में रहने से कान के अंदर के सेंसरी सेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। कुछ लोगों में यह समस्या वंशानुगत होती है। संक्रमण जैसे मैनिंजाइटिस, मंप्स, और अन्य वायरल संक्रमण से कान की यह बीमारी हो सकती है। सिर पर चोट लगने से कान के अंदर के हिस्से को नुकसान हो सकता है।





## खुद को रखना है फिट तो योगा से जुड़े इन मिथक पर ना करें भरोसा

योगा को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन आज भी लोग इससे जुड़े कुछ मिथक को सच मानते हैं। जानते हैं ऐसे ही कुछ योगा मिथक के बारे में। योग बहुत प्राचीन विधा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ है। जिसके कारण इसे लेकर लोगों के मन में कई तरह की धारणाएं भी बन गई हैं। योग के संबंध में लोग कई भ्रांतियों को सच मानते हैं

### मिथक 1- योगाभ्यास करने के लिए आपको लचीला होना चाहिए

सच्चाई- चूंकि योगा सेशन के दौरान हम कई तरह के आसनों का अभ्यास करते हैं, इसलिए अधिकतर लोगों की यह मान्यता होती है कि योगाभ्यास करने के लिए शरीर का लचीला होना जरूरी है। जबकि वास्तव में यह एक भ्रम ही है। जब आप नियमित रूप से योग करते हैं तो समय के साथ आपका शरीर खुद ब खुद अधिक फ्लेक्सिबल होता चला जाता है। ऐसे कई योगासन हैं, जिन्हें आप शुरुआत में बिना किसी परेशानी के कर सकते हैं। इसलिए, आप अपनी शारीरिक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए योगाभ्यास कर सकते हैं।

### मिथक 2- योग केवल महिलाओं के लिए है

सच्चाई- यह योग को लेकर आम मिथ है। अमूमन लोगों की यह धारणा होती है कि योग केवल महिलाओं के लिए है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। योगाभ्यास बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, महिलाओं से लेकर पुरुषों तक, कोई भी आसानी



से कर सकता है। आज भी दुनियाभर में कई पुरुष योगाभ्यास करते हैं और उसका शारीरिक व मानसिक लाभ उठाते हैं।

### मिथक 3- योग बहुत आसान है और यह वास्तव में कोई वर्कआउट नहीं है

सच्चाई- ऐसे भी कई लोग हैं, जो ये मानते हैं कि योग वास्तव में शरीर को रिलैक्स करने के लिए है। यह बहुत ही आसान है और इसलिए इससे फुल बॉडी वर्कआउट नहीं होता है। अगर आप ऐसा सोचते हैं तो आप गलत हैं। योग को आप कई तरह की वैरिएशन के साथ कर सकते हैं। यह काफी चैलेंजिंग हो सकता है। योग के दौरान आप ऐसे कई अभ्यास कर सकते हैं, जो आपके पूरे शरीर की कसरत कर सकते हैं। अगर आप खुद के साथ चैलेंजिंग होना चाहते हैं तो ऐसे में अष्टांग या पावर योग किया जा सकता है।

### मिथक 4- प्रेग्नेंसी और पीरियड्स में महिलाओं को योग नहीं करना चाहिए

सच्चाई- आमतौर पर, आपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि प्रेग्नेंसी या पीरियड्स में महिलाओं को योग नहीं करना चाहिए। इससे उनकी कॉम्पलीकेशन बढ़ जाएगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। ऐसे कई योगासन हैं, जो प्रेग्नेंसी और पीरियड्स में होने वाली समस्याओं को कम करने या दूर करने में मदद करते हैं। हालांकि, इस दौरान किसी भी महिला को खुद से योगाभ्यास नहीं करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप किसी योग विशेषज्ञ की देख-रेख में ही इसे करें। अगर आप ऐसा करती हैं तो इससे आपके पीरियड्स रेगुलर होते हैं।



## पैर के अंगूठे का आकार बता सकता है आपकी पर्सनैलिटी से जुड़ा राज



आपके शरीर के किसी भी हिस्से से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। ज्योतिष एक ऐसी युक्ति है जो आपके भविष्य के बारे में भी कई बातें बता सकती है। ज्योतिष को किसी भी व्यक्ति के भीतर के रहस्यों को जानने के लिए एक कारगर युक्ति के रूप में देखा जाता है।

जिस तरह हमारे शरीर पर किसी भी जगह मौजूद तिल या हथेलियों की रेखाएं हमारे व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बताती हैं, उसी तरह आपके पैरों की उंगलियों और अंगूठे का आकार भी हमारे व्यक्तित्व के बारे में पता लगाने में हमारी मदद कर सकता है। आपने कई बार लोगों के पैर के अंगूठे के अलग-अलग आकार देखे होंगे। किसी का अंगूठा पहली उंगली से बड़ा तो किसी का छोटा होता है, किसी का गोल आकार का होता है तो किसी और का अन्य आकारों का। दरअसल आपके पैर के अलग आकारों में भी आपके व्यक्तित्व का राज छिपा होता है। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें पैर के अंगूठे के आकार से पर्सनैलिटी।

### पैर का अंगूठा बाकी उंगलियों से बड़ा

अगर आपके पैर का अंगूठा आपके पैर की अन्य उंगलियों से बड़ा है तो आप स्वभाव से क्रिएटिव गायब और आप सोचने समझने की अच्छी क्षमता रखते हैं। आप उन लोगों में से एक हैं जो हर एक चीज का अलग नजरिया देखते हैं और कोई भी काम बहुत ज्यादा क्रिएटिविटी से करते हैं। ये जल्दी किसी भी स्थान में हार नहीं मानते हैं और सफलता के लिए अपना पूरा प्रयास करते हैं। आप उन लोगों में से हैं जो सोचने की अधिक क्षमता रखते हैं और आपकी कल्पना शक्ति भी बहुत अच्छी होती है। ऐसे लोगों में लीडरशिप की क्षमता होती है और ये एक नेता के रूप में काम करते हैं।

### अंगूठा दूसरी उंगली से छोटा

अगर आप उन लोगों में से हैं जिनके पैर का अंगूठा उनकी दूसरी उंगली से छोटा है तो इसे ग्रीक पैर कहा जाता है। अगर आपके पैर की भी ऐसी आकृति है तो आप हमेशा शिक्षा में आगे रहते हैं और करियर में सफलता हासिल करने के लिए अपना पूरा प्रयास करते हैं।आप उनमें से हैं जो स्वाभाव से चंचल होते हैं, लेकिन अपनी किसी भी बात को दृढ़ता से निभाते हैं। आपके सामने लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों न हो लेकिन आप उसे आसानी से अपनी कुशल रणनीति से हासिल कर सकते हैं। आपकी दृढ इच्छा शक्ति बहुत प्रबल होती है और आपको हमेशा एक ऊंचा पद हासिल करने में मदद करती है।

## घर पर बनानी है बाजार के जैसी स्प्रिंग रोल शीट तो ये तरीका अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे स्नैक्स खाना पसंद न हो। खासतौर पर बात करें भारतीय लोगों की तो हम भारतीय तो सुबह और शाम, दोनों समय अलग-अलग वैरायटी का नाश्ता करना पसंद करते हैं। सुबह के लिए तो ज्यादातर लोग ऐसी चीज खाते हैं जो हेल्दी के साथ ऐसी भी हो, जिससे पेट भरा रहे लेकिन शाम को हर किसी का मन चटाकेदार खाना खाने को करता है। ऐसे में वो अक्सर बाहर से खरीदकर चटाकेदार स्नैक्स खाते हैं।

रोज-रोज बाहर का खाना खा के तबियत खराब होने का भी डर होता है। इसी वजह से महिलाएं अपने परिवार वालों के लिए घर पर ही स्नैक्स तैयार करती हैं। अगर आप भी कुछ स्वादिष्ट सा नाश्ता घर पर बनाने का सोच रही हैं तो स्प्रिंग रोल एक बेहतर विकल्प है। इसकी शीट भी अगर आप घर पर ही बनाएंगी, तो इसका स्वाद और बढ़ जाएगा। चलिए देर न करते हुए आपको स्प्रिंग रोल की शीट बनाना बताते हैं।

**विधिः** अगर आप स्प्रिंग रोल की शीट घर पर तैयार करना चाहती हैं तो सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, कॉर्नफ्लोर और नमक को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा रिफाइंड डालकर इसे सही से मिलाएं।

अब जरूरत के हिसाब से इसमें पानी डालें और फिर मैदा धीरे-धीरे गूंथ लें। अब इस गूंथी हुई मैदा से छोटी-छोटी लोई बनाकर उसे बेल लें। ध्यान रखें कि ये आपको कागज की जितनी पतली बेलनी है। आप चाहें को एक साथ कई शीट बेल सकती हैं। इसके बाद इसे हल्का सेकना शुरू करें। हल्का-हल्का सेकने के बाद इसे रख लें। अब आप इससे स्प्रिंग रोल तैयार कर सकती हैं। स्प्रिंग रोल शीट बनाने का ये सबसे आसान तरीका है।

---

कार्नर न्यूज

पति-पत्नी का रिश्ता उम्र भर निभाने के लिए है, बनाए ऱखें रिश्तों में गर्माहट

# शादी के बरसों बाद रिश्ते में ताजगी बनाए रखें, उम्र के साथ बढ़ता जाएगा प्यार भी

एक शादी जब काफी लंबी चलती है तो जोड़ों के बीच एक सही तालमेल भी बन जाता है, लेकिन कई बार यह समझदारी जीवन में बोरियत ला देती है और जीवन का आनंद गायब होने लगता है। जीवन भर घर-परिवार और पति-बच्चों की जिम्मेदारी संभालते-संभालते दोनों के रिश्ते में एक ठहराव आ जाता है। वैवाहिक जोड़े तब अलग हो जाते हैं, जब एक या दोनों पक्ष इन परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने में असफल हो जाते हैं। ऐसे में अपने विवाह को ताउम्र खूबसूरत और रिश्ते में ताजगी बनाए रखने के लिए बढ़ती उम्र में आप कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें, जिससे वैवाहिक जीवन में प्रेम और आनंद बना रहे।



**आदतों में सुधारः** क्या आप अक्सर यह सोचती रहती हैं कि पहले चीजें कैसी हुआ करती थीं और अब ये बदल चुकी हैं। ऐसा सोचने के बजाय परिवर्तन को स्वीकार करें और नए तरीके से जीवन का आनंद उनके साथ लें। आपसी बातों में कोई रहस्य न रखें और कोई भी बात सही समय पर और सही तरीके से बताएं। अपने जीवन-साथी से सलाह किए बिना कोई बड़ा निर्णय न लें। एक धन्यवाद जीवन में खुशियां बिखेर सकता है, इसलिए अच्छी बातों के लिए धन्यवाद जरूर कहें। ऐसी पुरानी आदतें, जिनसे आपका साथी खुशी महसूस करता था, उन्हें दोबारा अपनाएं।

### पूरा समय और ध्यान

विवाह को भले ही कितने ही साल बीत गए हों, लेकिन अपने जीवन-साथी को समय और महत्व देना बहुत जरूरी होता है। इससे रिश्ते में मजबूती आती है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियां निभाते हुए महिलाएं जीवन-साथी के साथ समय नहीं गुजार पातीं और रिश्ते में दूरी आ जाती है। इसलिए एक साथ समय गुजारना जरूरी है।

### भावनात्मक जुड़ाव

वैवाहिक जीवन में मिठास भरने के लिए अपने जीवन-साथी से भावनात्मक रूप से जुड़ना जरूरी है। अगर कोई पत्नी अपने पति के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस नहीं कर पा रही तो इससे रिश्ता कमजोर पड़ने लगता है और भावनात्मक समस्याएं आने लगती हैं।



### सेहत का ख्याल

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, सेहत से जुड़ी परेशनियां भी आने लगती हैं। ऐसे में एक-दूसरे की सेहत का जरूर ध्यान रखें। इसके अलावा अगर जीवन-साथी डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, नींद से जुड़े विकार या फिर हड्डियों से जुड़े किसी रोग से जूझ रहा है तो उन्हें प्यारा भरा सहारा दें।

### तनाव कोसो दूर

उम्र बढ़ने के साथ ही मानसिक तनाव भी सेहत पर हावी होने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि आप तनाव वाली बातों पर चर्चा करें और निष्कर्ष निकालें। सुबह-शाम साथ वॉक करने जाएं और खुश रहने की कोशिश करें। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस के काम का दबाव वहीं छोड़कर आएं और घर पर केवल पति पर और परिवार वालों पर ध्यान दें। इसके अलावा गली-मोहल्ले की फालतू बातें करके न खुद तनाव लें और न जीवन-साथी को दें। इससे रिश्तों में तनाव भी नहीं आएगा और आप तनावमुक्त रहकर खुशी से जी भी सकेंगी।

### तुलना कभी नहीं

अपने जीवन-साथी की तुलना जीवन के किसी भी पड़ाव पर कभी भी किसी और से नहीं करनी चाहिए। अगर आप ऐसा करती हैं तो आपके जीवन-साथी को बुरा लग सकता है और वह नाराज हो सकता है। उसे ऐसा भी लग सकता है कि आप दूसरे लोगों को बेहतर मानती हैं।

## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड

## सिंगर नितिन दुबे को यूट्यूब अमेरिका ने दिया गोल्डन प्ले बटन



छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक संगीतकार और अभिनेता नितिन दुबे को उनके युट्यूब चैनल नितिन दुबे ऑफिशियल पर 10 लाख सब्सक्राइबर पूरा करने पर यूट्यूब अमेरिका ने ₹गोल्डन प्ले बटन₹ अवार्ड दिया है। इसी के साथ वो छत्तीसगढ़ के पहले ऐसे छत्तीसगढ़ी गायक बन गए हैं जिन्हें गोल्डन प्ले बटन एवार्ड मिला है। इस से पहले नितिन दुबे को 2021 में यूट्यूब के द्वारा सिल्वर प्ले बटन एवार्ड भी मिल चुका है। नितिन दुबे ने छत्तीसगढ़ी फ़ल्मि और संगीत जगत में हाय मोर चाँदनी,रायगढ़ वाला राजा,चँदा रे, हाय रे मोर कोचईपान, का तैं रूप निखारे चंदैनी,तोर बर मोर दिल बेकरार और गोंदा तोला रे जैसे कई सुपरहिट गीत दिए हैं। नितिन का संगीत करियर 2001 में ऑडियो कैसेट से शुरु होकर आज डिजिटल प्लेटफॉर्म तक जारी है। उनका पहला गीत ₹मनमोहिनी हे गांव के गोरियार₹ था जो 2001 में ऑडियो कैसेट एल्बम तैं दीवानी मैं दीवाना के रूप में रिलिज़ हुआ था, लेकिन उन्हें प्रसिद्धि 2005 में रिलिज़ 'हाय मोर चाँदनी' एलबम से मिली। आगे चलकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भजन गायक के रूप में बहुत प्रसिद्धि प्राप्त की,2013 में बॉलीवुड सिंगर सुरेश वाडकर,साधना सरगम के साथ मुम्बई से ₹साई का सजदार₹ एलबम रिलिज़ किया। नितिन दुबे न सिर्फ इंडिपेंडेंट म्यूजिक में बल्कि फिल्मों में भी एक से बढ़कर एक हिट गीत गा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की सुपरहिट ऐतिहासिक फ़ल्मि मोर छइहाँ भुइयाँ का पार्ट 2 में भी नितिन दुबे ने 3 सुपरहिट गीत गाए हैं। संगीत के क्षेत्र में 'छत्तीसगढ़ रत्न', 'छतीसगढ़ मेलोडी किंग','छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान' जैसे बड़े सएवार्ड से सम्मानित नितिन दुबे ने यूटयूब से प्राप्त गोल्डन प्ले बटन एवार्ड को अपने माता पिता,गुरुजन और जनता के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है।

### हॉलीवुड

## टेलर स्विफ्ट अपने डांस मूव्स के लिए हो रही ट्रोल



हॉलीवुड की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट इन दिनों अपने एराज टूर पर निकली हुई हैं। इस शो के लिए उनके चाहने वालों में अलग किस्म की दीवानगी देखने को मिल रही है। वहीं इंटरनेट पर टेलर स्विफ्ट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे वे डांस करती नजर आ रही हैं। उस वीडियो की वजह से टेलर को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। टेलर स्विफ्ट की गायकी के दीवाने पूरी दुनिया में फैले हुए हैं। उन्होंने एक से बढ़कर एक हिट गाने गए हैं। वहीं इन दिनों टेलर का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे डांस करती नजर आ रही हैं। टेलर के डांस को देखकर कई लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किया है, 'टेलर से बेहतर डांस मेरा छोटा भाई कर लेता है'। टेलर स्विफ्ट के वायरल वीडियो पर उनके कई देसी फैंस ने भी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'टेलर तो बिल्कुल सलमान भाई की कॉपी कर रही हैं'। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'इनसे बेहतर स्टेप तो अपने भाई जान कर लेते हैं'। टेलर स्विफ्ट ने ने हाल ही में अपना 100वां एराज टूर शो को पूरा किया है। गायिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए अपने फैंस को धन्यवाद कहा है। साथ ही साथ उन्होंने इस बात की जानकारी को अपने फैंस साझा किया है कि उनका यह टूर दिसंबर में समाप्त होने जा रहा है। टेलर स्विफ्ट ने अपना यह शो दुनिया के कई हिस्सों में किया है। इस शो के दौरान उन्होंने दक्षिण अमेरिका से लेकर एशिया, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप का दौरा किया है। टेलर ने इस साल अप्रैल में अपना 11वां स्टूडियो एल्बम 'द टॉर्चर्ड पोएट्स डिपार्टमेंट' रिलीज भी किया था।

### टॉलीवुड

## 'एकम' को ओटीटी मंच न मिलने पर रक्षित ने सोशल मीडिया पर जाहिर की नाराजगी



कन्नड़ अभिनेता, निर्देशक और निर्माता रक्षित शेट्टी ने एक साहसिक घोषणा के साथ इंटरनेट पर धूम मचा दी। अपनी नई कन्नड़ वेब सीरीज 'एकम' को ओटीटी रिलीज के लिए खरीददार न मिलने से रक्षित खासा नाराज नजर आए। हारकर रक्षित ने इसे व्यक्तिगत मंच पर रिलीज करने का फैसला किया। रक्षित के इस बयान ने दर्शकों और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों को स्तब्ध कर दिया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेता रक्षित शेट्टी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि वह अपनी नई कन्नड़ वेब सीरीज 'एकम' को अपने मंच पर रिलीज कर रहे हैं क्योंकि सीरीज के लिए कोई खरीददार नहीं था। जानकारी हो कि साल 2022 में, रक्षित को फिल्म '777 चार्ली' के साथ अखिल भारतीय हिट मिली, और 2023 में उन्होंने 'सप्त सागरदाचे एलो साइड ए' और 'सप्त सागरदाचे एलो-साइड बी' के साथ कन्नड़ ब्लॉकबस्टर की। बावजूद इसके 'एकम' को कोई ओटीटी खरीददार नहीं मिला।

रक्षित शेट्टी ने एक्स पर लिखा, 'यह जनवरी 2020 था जब हमने एकम को हरी झंडी दिखाई थी। या यह फरवरी था? अभी थोड़ा धुंधला है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम उत्साहित थे। जर्नीमैन फिल्म्स की टीम भी ऐसी ही थी।

## मंगोलिया की रोशनी

मंगोलिया का सबसे बड़ा फैशन फेस्टिवल ₹गोयोल-2024₹ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मॉडल और डिजाइनर का चयन करने राजधानी उलान बटोर के शांग्लरी-ला मॉल में हुआ। मंगोलियाई डिज़ाइनर एसोसिएशन द्वारा 36वीं बार आयोजित ₹गोयोल₹ फेस्टिवल सात दिनों तक चला। इस फेस्टिवल में पारंपरिक रूप से शीर्ष मॉडल, डिज़ाइनर, मॉडल, हेयरड्रेसर और मेकअप आर्टिस्ट का चयन किया गया।




# बालों में नई जान फूंकने वाले हेयर स्पा के बारे में जानिए जरूरी बातें

बाल महिलाओं के लिए एक बहुत ही कीमती गहना होता है। इसलिए महिलाएं बालों की देखभाल में थोड़ी भी कमी नहीं छोड़ी हैं। बाजार में भी आपको बालों की देखभाल के लिए ढेरों विकल्पद मिल जाएंगे। मगर सस्तेल और प्राकृतिक उपाय की तलाश में हैं, तो हेयर स्पाए से बेहतर आपके लिए और कुछ भी नहीं हो सकता है। वैसे तो आपको अच्छेउ ब्यूमटी पार्लर्स में हेयर स्पास का विकल्पह मिल जाएगा मगर आप इसे घर पर ही कर सकती हैं। हेयर स्पा क्या है?हेयर स्पा एक बालों के लिए एक विशेष उपचार है, जो बालों की स्थिति को सुधारने और उनकी सेहत को दुरुस्तह रखने के लिए किया जाता है। इसके कई स्टे प्सप होते हैं। इन स्टुेप्सर को फॉलो करते हुए अगर आप स्पा कर लेती हैं, तो आपके बाल मजबूत, चमकदार और स्वस्थ बने रहेंगे। साथ ही बालों के झड़ने, रूसी और स्कैल्प की अन्य समस्याओं को भी हेयर स्पाआ से कम किया जा सकता है। यह



प्रक्रिया बालों को पोषण और नमी प्रदान करने में मदद करती है, जिससे बाल अधिक मजबूत और मैनेजेबल हो जाते हैं।

### हेयर स्पा के फायदे

बालों को डीप कंडीशनिंग देने के लिए आप हेयर स्पास कर सकती हैं। इससे आपके बाल नरम और चमकदार बन जाते हैं। स्पाी में प्रयोग किए जाने वाले उत्पा द बालों को पोषण देते हैं। स्पान करने से स्कैोल्पू डीप क्लीन हो जाता है। जिससे डैंड्रफ और अन्य समस्याएं दूर होती हैं। स्कैल्पा में अगर डेड स्किन है, तो वह भी हेयर स्पाल से हट जाती है। हेयर स्पा बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, जिससे बाल टूटने और गिरने से बचते हैं और घने बनते हैं।

हेयर स्पा के दौरना स्कैाल्प. में की जाने वाली मसाज से स्कैल्प में रक्त संचार बढ़ता है। यह बालों की ग्रोथ को प्रमोट करता है और उन्हें स्वस्थ बनाता है। हेयर स्पा से सिर दर्द और मानसिक तनाव भी कम होता है। आपको बता दें की ज्याद्दा तनाव लेने से बालों की सेहत पर असर पड़ता है। हेयर स्पा बालों को चमकदार और खूबसूरत नजर आते हैं।

इसमें इस्तेमाल होने वाले हर्बल और प्राकृतिक तत्व बालों को नेचुरल ग्लो प्रदान करते हैं। हेयर स्पा से बालों के स्प्लिट एंड्स की समस्या कम होती है।यह बालों को रिपेयर करता है और उन्हें स्वस्थ रखता है। खूबसूरत बालों के लिए बहुत जरूरी है कि वह हाइड्रेटेड रहें। हेयर स्पा से बालों को उचित नमी मिलती है जिससे वे ड्राई नहीं होते हैं और उनमें फ्रिज़ीनेस नहीं आती है।

## दुल्हन का मेकअप होता है कई तरीके से, पार्लर बुक करने से पहले जान लें




शादी का नाम जहन में आते ही लड़कियों के मन में तमाम बातें और ख्याल उमड़ने लगते हैं। हर लड़की अपनी शादी में सबसे खूबसूरत दिखना चाहती है। इसी के चलते शादी की तारीख तय होते ही लड़कियां इसकी तैयारियां में जुट जाती हैं। लड़कियां अपने लहंगे से लेकर ज्वेलरी और मेकअप तक का चयन काफी सोच-समझ के करती हैं। लहंगा और ज्वेलरी तो वो अपने हिसाब से पसंद कर लेती हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है शादी के दिन के लिए पार्लर बुक करने में। इस खास दिन का मेकअप भी काफी खास होता है। शादी के दिन अगर परफेक्ट मेकअप न किया जाए तो आपका लुक खराब हो सकता है।



ऐसे में अपने लिए पार्लर बुक करने से पहले एक बार ये जान लें कि आजकल किस तरह के ब्राइडल मेकअप चलन में हैं। सभी के बारे में जानने के बाद अपने मेकअप का चयन करें, ताकि आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।

### मिनरल मेकअप



अगर आपकी त्वचा काफी संवेदनशील है तो ये मेकअप आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस मेकअप में स्किन-फ्रेंडली मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जाते हैं। ऐसे में पार्लर वाली आपके स्किन टोन और टाइप का पता लगाकर उसी के हिसाब के मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं।

### एयरब्रश मेकअप

इस तकनीक में मेकअप करने के लिए इलेक्ट्रिक-ऑपरेटिड एयरब्रश का इस्तेमाल किया जाता है। इससे मेकअप काफी स्मूदली होता है और मेकअप में किसी तरह की कोई सिलवट नहीं पड़ती। ऐसे में अगर आप चाहें तो एयरब्रश मेकअप बुक करा सकते हैं।

## नाखूनों पर इस बार ट्राई करें ओम्ब्रे नेल आर्ट, सुंदर नजर आएंगे हाथ

अगर आपको ग्लिटर नेल आर्ट कराना काफी पसंद है, तो इसको आप ओम्ब्रे नेल आर्ट के साथ करा सकती हैं। इससे नाखून सुंदर लगेंगे। साथ ही, नाखूनों में एक शाइन एड हो जाएगी। इसके लिए आपको कुछ उंगलियों पर ओम्ब्रे नेल आर्ट करवानी है। एक बची हुई उंगली पर ग्लिटर नेल आर्ट की जाएगी। इससे सारी उंगलियां सुंदर लगेंगी। आप भी इस तरह के नेल आर्ट को ट्राई कर सकती हैं। ओम्ब्रे कलर के लिए आप किसी भी नेल कलर शेड को ट्राई कर सकती हैं। बाजार से करवाने में आपको इसके लिए 2,000 से 2,500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।



### ओम्ब्रे नेल आर्ट विद स्टोन वर्क

अगर आपको अपने नेल आर्ट में कलर के साथ-साथ एक्सेसरीज को भी एड करना है, तो इसके लिए आप इस तरीके के स्टोन वर्क डिजाइन को क्रिएट कर सकती हैं। इसमें आपके सारे नाखूनों पर ओम्ब्रे नेल आर्ट की जाएगी। इसके बाद किसी एक नाखून पर स्टोन वर्क किया जाएगा। इससे नाखून सुंदर नजर आएंगे। साथ ही, आपको भी कुछ नया एलिमेंट एड करने को मिलेगा। इसके लिए आप एक स्टोन भी लगा सकती हैं, और चाहें तो दो या तीन एक साथ लगाकर हाथों को सुंदर दिखा सकती हैं।

### मैट नेल पेंट के साथ ओम्ब्रे नेल आर्ट

अगर आपको कुछ सिंपल नेल आर्ट करवानी है, तो इसके लिए आप मैट कलर नेल आर्ट को करा सकती हैं। इसमें कोई नया एलिमेंट एड नहीं किया जाता है।

## सूट के साथ परफेक्ट मैच करेंगी ये चूड़ियां, देखें लेटेस्ट डिजाइंस

आप किसी भी तरह का आउटफिट पहने उस आउटफिट में आपके लुक को कंप्लीट करने का काम ज्वेलरी करती है और ज्वेलरी में भी चूड़ी भी आती हैं। चूड़ी पहनने के बाद जहां आप खूबसूरत नजर आती हैं तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आता हैं। वहीं इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाली चूड़ी दिखाने जा रहे हैं जिन्हें आप सूट के साथ वियर कर सकती हैं।



**गोटा चूड़ी:** अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की गोटा चूड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की गोटा चूड़ी सेट सूट के साथ स्टाइल करने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। इस चूड़ी में स्टोन वर्क हुआ है साथ ही इस चूड़ी में झुमके लगे हुए हैं। वहीं इस तरह के चूड़ी आपको कई सारे कलर आप्शन में मिल जाएंगी जिसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 400 से 500 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म से भी आप इस तरह की चूड़ी को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

वेलवेट चूड़ी भी सूट के साथ वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस तरह की चूड़ी आप अपने आउटफिट के हिसाब से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं। इस वेलवेट चूड़ी में मोती और स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें झुमके भी लगे हुए हैं, वहीं ये चूड़ी आप कई सारे कलर ऑप्शन में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 600 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**पर्ल वर्क चूड़ी:** इस तरह की पर्ल वर्क चूड़ी भी सूट के साथ के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। इन पर्ल वर्क चूड़ी में मोतियों का वर्क किया हुआ है और इस तरह को चूड़ी को आप किसी भी आउटफिट पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की चूड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 700 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### बालों की सेहत बरकरार रखने जरूरी है हेयर परफ्यूम

# मेंस फैशन की जरूरत बना हेयर परफ्यूम, बालों के लिए कई फायदे

*मानसून को भारत में समस्याओं का महीना भी कहा जाता है। इन समस्याओं में ज्यादा पसीना निकलने के साथ ही, बालों में चिपचिपापन बढ़ना और उलझकर टूटना आदि शामिल है। इसके अलावा, एक अन्य समस्या भी है, जिसके बारे में ज्यादातर लोग समस्या होने के बाद भी नोटिस नहीं लेते हैं। अब लोग न सिर्फ शरीर की दुर्गंध को बल्कि लंबे बालों से आने वाली दुर्गंध को भी नोटिस करते हैं। यही वजह है कि, अब मार्केट में बॉडी परफ्यूम के अलावा हेयर परफ्यूम भी बहुतायत से मिलने लगे हैं। भले ही बहुत से लोग अभी भी नहीं जानते हैं कि, हेयर परफ्यूम क्या है और इन्हें कैसे इस्तेमाल किया जाता है?*



### हमें हेयर परफ्यूम की जरूरत क्यों है?

बदलते वक्त के साथ कॉर्पोरेट कल्चर में सेट होने के लिए प्रेजेंटेबल दिखना बहुत जरूरी है। ऐसे में, कल्पना कीजिए कि, आप किसी ऐसे इंसान के साथ मीटिंग कर रहे हों, जिसके शरीर और बालों से दुर्गंध आ रही हो! क्या आप ऐसे इंसान की उपस्थिति में सहज महसूस कर सकेंगे।

शायद नहीं। इसलिए, जरूरी है कि, हर मोमेंट पर प्रेजेंटेबल दिखा जाए। प्रेजेंटेबल दिखने और दुर्गंध को दूर रखने के लिए शरीर पर तो लोग परफ्यूम और डियोड्रेंट का प्रयोग कर लेते हैं। लेकिन, बालों का क्या?

अगर बाल लंबे हों तो समस्या भी बड़ी हो जाती है। ऐसी समस्याओं से निपटने में हेयर परफ्यूम हमारे बहुत काम आता है। ये हेयर परफ्यूम न सिर्फ बालों से दुर्गंध नहीं आने देता बल्कि रूमानी अहसास देने में भी मदद करता है।

### हेयर परफ्यूम क्या है?

हेयर मिस्ट और परफ्यूम अंडररेटेड ब्यूटी प्रोडक्ट हैं, जिनके महत्व को केवल कुछ ही लोग समझते हैं। कुछ हेयर परफ्यूम मशहूर फ्रेग्रेंस के टाइप ही होते हैं, जिन्हें बालों के अनुकूल कॉम्बिनेशन का उपयोग करके बनाया जाता है, जबकि कुछ परफ्यूम को विशुद्ध रूप से आपके लंबे बालों को खुशबूदार बनाए रखने और शानदार दिखाने के लिए बनाया जाता है।



आमतौर पर कुछ मॉइस्चराइजिंग सामग्री भी होती है, ये त्वचा पर भी उपयोग करने के लिए उपयुक्त होते हैं, और इनमें से कुछ अपने ईडीपी वेरिएंट की तुलना में सस्ते होते हैं।